RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 59 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,गुरूवार, 27 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के आदिवासी हॉस्टल में 30 साल उम्र सीमा खत्म

- 13 दिन से जारी था आंदोलन पुणे में राहुल गांधी के कार्यक्रम में मुद्दा उठा था

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने आदिवासी हॉस्टल में रहने के लिए 30 साल की उम्र सीमा खत्म कर दी है। आदिवासी



विकास मंत्री अशोक उईके ने मंगलवार को बताया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस की मंजूरी के बाद 14 अगस्त का सरकारी प्रस्ताव और उससे जुड़े संशोधित नियम वापस ले लिए गए हैं। यह फैसला राहुल गांधी के पुणे में हुए 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के 3 दिन बाद आया। कार्यक्रम में एक छात्रा ने हॉस्टल के नए नियमों और दूसरी दिक्कतों का मुद्दा उठाया था। उसने लंबी छुट्टी के बाद हॉस्टल लौटने वाली छात्राओं से प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

### अखिलेश का ऐलान, 12वीं पास बेटियों को देंगे लैपटॉप

- बोले-हमारी प्लानिंग लीक होकर भाजपा तक पहुंच रहीं; डिंपल बोलीं- बंदिशों में मत बंधिए

**लखनऊ (एजेंसी)।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया कि यूपी में



सरकार में आने पर वे प्रदेश की हर 12वीं पास बेटी को लैपटॉप देंगे। हर महिला को हर साल 40 हजार रुपए देंगे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पहले भी साइकिल दी जाती थी। दोबारा सरकार बनने पर फिर से साइकिल देने का काम करेंगे। इसके अलावा, बंद किए गए 26 हजार स्कूलों को भी फिर से खोलेंगे। लखनऊ में सपा दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश ने योगी सरकार की बुजुर्ग महिलाओं को फ्री बस यात्रा वाली 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना' पर तंज कसा।

### इस्लामाबाद के सरकारी अस्पताल में आग,15 बच्चे जिंदा जले

- सिर्फ 1 को बचाया जा सका, एसी कंप्रेसर फटा, फिर पूरे वार्ड में आग फैली

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक अस्पताल में बुधवार को आग लगने से 15 नवजात बच्चों की मौत हो गई। हादसा पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में स्त्री रोग वार्ड की नर्सरी में हुआ। अस्पताल अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के वक्त नर्सरी में 16 नवजात बच्चे मौजूद थे। इनमें से सिर्फ एक बच्चे को बचाया जा सका। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, नर्सरी के अंदर एयर कंडीशनर के कंप्रेसर में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग लग गई और तेजी से पूरे वार्ड में फैल गई। आग की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया।

---

डैम ओवरफ्लो, पुल डूबा, अस्पताल में भरा पानी

# नेपाल में जलप्रलय, यूपी-बिहार में 'हाई' अलर्ट

- 22 की मौत, 384 लापता, इनमें 105 भारतीय
- बिहार में 50 हजार लोग बाढ़ से घिरे, अलर्ट जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिब्बत से आई अचानक बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचाई है। भोटेकोशी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से टिमुरे और स्याब्रूबेसी इलाके में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ की चपेट में रसुवा का एक हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट भी आ गया और वह बह गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अब तक 22 लोगों की मौत की खबर है। बाढ़ के बाद बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। नेपाल के पर्यटन विभाग के मुताबिक, 384 लोगों का पता नहीं चल रहा है। इनमें 291 विदेशी पर्यटक हैं



जिसमें 105 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंदौली में मूसाखांड और लतीफशाह बांध ओवरफ्लो हो गए हैं, जिसके बाद उनके गेट खोल दिए गए हैं।

#### बिहार के आठ जिलों में हाईअलर्ट

नेपाल में बाढ़ की वजह से बिहार में हाईअलर्ट जारी किया गया है। बगहा में 2 से 3 घंटे के अंदर गंडक नदी में इसका असर दिखाई दे सकता है। इसे लेकर प्रशासन हाईअलर्ट जारी किया है। वाल्मीकिनगर बराज की सुरक्षा बढ़ाई गई है। अधिकारियों को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। निचले इलाकों में चेतावनी जारी की गई है। गया डीएम राकेश कुमार ने लेटर जारी कर कहा है कि नेपाल की त्रिशूल नदी में भूस्खलन हो गया है। जिसके कारण बगहा में गंडक के किनारे बसे गांव में 2 घंटे के भीतर बाढ़ आने की प्रबल संभावना है।

#### एमपी के 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, सरकार ऐक्टिव

एमपी में कोटे की 68 फीसदी बारिश, 25.5 इंच बरस चुका मध्य प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 25.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे की 68 प्रतिशत है। अब तक 11 फीसदी पानी कम गिरा है। इस वजह से प्रदेश के 40 जिलों में कम बारिश हुई है। 15 जिले ही ऐसे हैं, जहां औसत से ज्यादा पानी गिर चुका है। आईएमडी भोपाल के अनुसार, एक सप्ताह तक पूर्वी हिस्से को तरबतर करने वाला मानसून अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्से में ऐक्टिव होगा।

### भारत ने तैयार किया वाहक 6 मल्टी ड्रोन मदरशिप सिस्टम

- बिना जीपीएस करेगा हमला, सर्च-डिटेक्ट से डिस्ट्रॉय तक सेना की मदद करेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की रक्षा क्षमता मजबूत करने के लिए स्वदेशी 'वाहक-6' मल्टी-ड्रोन मदरशिप प्रणाली विकसित की गई है। निजी




कंपनी एंड्योरएयर ने सरकारी रक्षा कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सहयोग से इसे तैयार किया है। यह ड्रोन निगरानी, लक्ष्य की पहचान और दुश्मन के ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है। यह बिना जीपीएस के भी हमला कर सकता है।

---

### अब पंजाब में अकालियों से गठजोड़ फाइनल, होगा खेला

बीजेपी बिग ब्रदर बनेगी, 70+ और 40+ का फॉर्मूला तैयार

**लुधियाना (एजेंसी)।** पंजाब में 2027 के चुनाव के लिए शिरोमणी अकाली दल (बादल) और भाजपा के बीच गठबंधन लगभग फाइनल हो चुका है। इस बार भाजपा 'बिग ब्रदर' यानी सीनियर पार्टनर की भूमिका में आने की तैयारी कर रही है। इसके लिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के आंकड़ों को आधार बनाया है। भाजपा 70+ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। अकालियों को 40+ सीटें मिल सकती है। लगातार 10 साल से सत्ता से बाहर होने की वजह से मजबूरी में अकाली दल ने ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सीटों पर भी दावेदारी छोड़ दी है। इसी रणनीति के तहत भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने पंजाब का दो दिवसीय दौरा कर लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, पटियाला और बठिंडा में नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें कीं। उन्होंने नेताओं को साफ कर दिया है कि गठबंधन पर फैसला होने तक नेता सार्वजनिक तौर पर सिर्फ '117 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी' वाली लाइन बोलते रहें।



### हाथ में प्लास्टर साथ में पत्नी हरसिमरत कौर

- नांदेड साहिब हमले के 12 दिन बाद फिर मैदान में उतरे सुखबीर बादल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हाथ में प्लास्टर, साथ में पत्नी हरसिमरत कौर बादल और सामने बड़ी संख्या में समर्थक। नांदेड साहिब के गुरुद्वारे में हुए हमले के 12 दिन बाद शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल एक बार फिर सार्वजनिक तौर पर मैदान में नजर आए। मंगलवार को उन्होंने तलवंडी साबो स्थित तख्त दमदमा साहिब में मत्था टेका और पंजाब की शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और समृद्धि के लिए अरदास की। इस दौरान उन्होंने कुछ ताकतों पर पंजाब की शांति भंग करने और सिख नेतृत्व को निशाना बनाने का आरोप लगाया। तख्त दमदमा साहिब पहुंचने के दौरान सुखबीर बादल के साथ उनकी पत्नी और बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भुंडर और दलजीत सिंह चीमा भी मौजूद रहे।

### ईरान पर अमेरिका के बैन से भारत को लगा बड़ा झटका

चावल, चाय और दवा निर्यात पर मंडराया गहरा संकट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। अमेरिकी प्रशासन ने चेतावनी दी है कि ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाली विदेशी कंपनियों और देशों पर भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्हें अमेरिकी वित्तीय व्यवस्था से बाहर किया जा सकता है। इसका असर भारत के ईरान को होने वाले निर्यात पर भी पड़ने की आशंका है। खास तौर पर चावल, चाय और फार्मास्युटिकल उत्पादों के निर्यात पर दबाव बढ़ सकता है। अमेरिका के नए कदम के बाद ईरान ने भी किसी ऐसे देश के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जो अमेरिका के नेतृत्व वाले इस आर्थिक अभियान में शामिल होता है।

#### भारत-ईरान व्यापार में भारी गिरावट

भारत ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में रहा है। दोनों देशों के बीच व्यापार पहले ही 2019 के बाद काफी कम हो चुका है। अमेरिका की ओर से 2019 में ईरानी तेल पर प्रतिबंधों में मिली छूट खत्म किए जाने के बाद भारतीय रिफाइनरियों ने अमेरिकी बाजार और वित्तीय प्रणाली तक अपनी पहुंच को जोखिम में डालने से बचने के लिए ईरान से कच्चे तेल का आयात लगभग बंद कर दिया था।

---

रक्षा बंधन पर 'बहनों' पर मेहरबान राज्य सरकारें

## 'फ्री' बस से लेकर 'कैश' पेमेंट तक की सुविधा

#### दिल्ली, यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश से बड़े-बड़े ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से लेकर मध्य प्रदेश और यूपी से लेकर उत्तराखंड तक रक्षा बंधन पर राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए तोहफों झड़ी लगा दी है। कई राज्यों ने दो दिनों तक 'बहनों' के लिए रोडवेज बस में सफर एकदम फ्री कर दिया है। कुछ राज्यों ने तो इससे आगे बढ़कर महिलाओं के साथ एक अटेंडर भी मुफ्त रखने की सुविधा दी है। इतना ही नहीं कई राज्य नकद पैसे भी सीधी बहनों के खाते में डाल रहे हैं और ये रकम 250 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक है।

#### दिल्ली में लक्ष्मी योजना की शुरुआत

रेखा गुप्ता सरकार ने रक्षा बंधन पर अपनी मासिक दिल्ली लक्ष्मी योजना शुरू करने का ऐलान किया है। योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 26 अगस्त से इस योजना के अप्रूवल लेटर बंटने शुरू हो गए हैं और 1 सितंबर से 2026 से महिलाओं के बैंक खाते में पैसे आने भी शुरू हो जाएंगे।

#### बिहार में बस फ्री, डाक भेजने पर छूट

बिहार में रक्षा बंधन पर बहनों के लिए दो दिन तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में सफर फ्री रखा गया है। बिहार सरकार की तरफ से 27 अगस्त की सुबह 6 बजे से लेकर 28 अगस्त की रात 10 बजे तक इसे लागू किया गया है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में यह सुविधा रहेगी। इसके अलावा भी बहुत कुछ है।

#### राजस्थान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तोहफा

राजस्थान की भजनलाल सरकार ने भी रक्षा बंधन पर महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा की सुविधा दी है। इसके तहत महिलाओं और बालिकाओं के लिए 27 अगस्त की रात 12 बजे से लेकर 29 अगस्त की रात 11.59 बजे तक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस में यात्रा फ्री कर दी गई है।

#### हरियाणा में मुफ्त बस सेवा, बच्चे ले जा सकेंगी

नायब सैनी सरकार ने हरियाणा की महिलाओं को रक्षा बंधन के त्योहार पर फ्री बस सेवा का तोहफा दिया है। इसके तहत 27 अगस्त को दोपर 12 बजे से लेकर 28 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों में सफर फ्री रहेगा। महिलाएं अपने साथ 15 साल तक के बच्चों को भी फ्री ले जा सकेंगी।

### भागवत अमेरिका में, 29 को मेडिसन स्क्वेयर में कार्यक्रम

- न्यूयॉर्क मेयर ममदानी बोले-संघ की रैली को समर्थन नहीं



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** आरएसएस चीफ मोहन भागवत मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। यह उनके 17 दिन के तीन देशों के दौरे का पहला पड़ाव है। न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर भारतीय महिलाओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। भागवत का यह दौरा आरएसएस के शताब्दी वर्ष के ग्लोबल आउटरीच कार्यक्रम के तहत हो रहा है। आरएसएस के 100 साल पूरे होने के मौके पर देश-विदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमेरिका के बाद भागवत कनाडा और ब्रिटेन जाएंगे। संघ के मुताबिक, इस दौरान वह भारतीय मूल के लोगों और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। भागवत 29 अगस्त को न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर गार्डन में 'यूनिवर्सल वननेस' कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

## जेन अल्फा और जेन-जी तक पहुंच बनाएगा चुनाव आयोग

2029 लोकसभा चुनाव से पहले स्कूल-कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में युवाओं को जोड़ेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले जेन अल्फा और जेन-जी तक पहुंचने की कोशिशें फिर शुरू की हैं। आयोग का मकसद उन्हें जागरुक वोटर बनाना है, जो चुनावी प्रक्रिया से अच्छी तरह परिचित हों और भविष्य में लोगों को जागरुक करने वाले अभियानों की अगुआई कर सकें। आयोग के नए अभियान में देश की 4,123 विधानसभा सीटों के स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को जोड़ा जाएगा। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली बच्चों के साथ कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स शामिल होंगे।




#### डिजिटल तरीके से लगातार जुड़ने पर जोर

आयोग के मुताबिक, कम्युनिकेशन का तरीका तेजी से बदल रहा है और लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज्यादा निर्भर हो रहे हैं। युवा मतदाताओं और जमीनी स्तर से जुड़े लोगों के साथ लगातार, व्यवस्थित और सीधे संपर्क की जरूरत को देखते हुए ईएलसी 2.0 की योजना बनाई गई है।

#### हर सीट पर 10 साक्षरता क्लब बनाए जाएंगे

आयोग 50 हजार चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) बनाने की योजना पर काम कर रहा है। हर विधानसभा सीट में ऐसे 10 क्लब बनाए जाएंगे। इसके लिए आयोग 15 लाख स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों से संपर्क करेगा। इसके अलावा 70 हजार कॉलेजों और 1,400 यूनिवर्सिटी तक भी पहुंच बनाई जाएगी। चुनावी साक्षरता क्लब 2018 में सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए थे।

## देश कोई धर्मशाला नहीं, यहां रहने का अधिकार सिर्फ नागरिकों को

शाह बोले-घुसपैठिए भारत की सुरक्षा के लिए हैं सबसे बड़ा खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। यहां रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य देश को इन घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में सभी बॉर्डर स्टेट का दौरा किया है।



#### नक्सलवाद, आतंक और उग्रवाद की चुनौतियां खत्म

सरकार ने आंतरिक सुरक्षा के तीन बड़े केंद्रों– नक्सलवाद, जम्मू–कश्मीर का आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियां खत्म कर दी हैं। इसका श्रेय सभी राज्यों की पुलिस, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों को जाता है। अगर पिछली सरकारों ने नशीले पदार्थों, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर की समस्याओं को गंभीर होने से पहले समझ लिया होता, तो देश को दशकों तक इनका खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता।

#### सात साल में 274 भगोड़े विदेश से लाए गए

2019 से 2026 के बीच करीब 274 भगोड़ों को विदेश से वापस लाया गया है। सभी राज्य लक्ष्य तय करें कि विदेश में बैठे भगोड़ों को देश के कानून के दायरे में लाया जाए। मोदी सरकार ने मल्टी एजेंसी सेंटर को भी अपग्रेड किया है, ताकि यह कई स्तरों पर नतीजे देने वाला प्लेटफॉर्म बन सके। एक साल में तीनों नए कानून 100 फीसदी लागू होंगे। इससे आपराधिक मामलों का निपटारा सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में हो सकेगा और सजा की दर 25 फीसदी बढ़ेगी।

# छह माह से लापता लीला देवी हत्याकांड का पर्दाफाश, आरोपी राजू गिरी गिरफ्तार

## आरोपी की निशानदेही पर खेत से कंकाल समेत मृतका का बैग, आधार कार्ड व बिछूड़ियां बरामद

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** साकेतनगर थाना पुलिस ने करीब छह माह से लापता लीला देवी की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपी राजू गिरी पुत्र बुद्ध गिरी (38), निवासी ब्राह्मणों का मोहल्ला, पिचियाक, थाना बिलाड़ा, जोधपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बीनावास क्षेत्र स्थित खेत से मृतका का कंकाल, बैग, आधार कार्ड, डिब्बा तथा पैरों में पहनी बिछूड़ियां बरामद की हैं। मामले में पुलिस का अनुसंधान जारी है। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को कालू सिंह पुत्र देवी सिंह निवासी गणेशपुरा, थाना साकेतनगर ने अपनी पुत्री लीला देवी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लीला देवी अपने पति से अलग गंगा कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी।



परिजनों के अनुसार वह 13 मार्च 2026 को दशा माता की पूजा-पाठ के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस पर पुलिस ने एमपीआर नंबर 29/2026 दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की।

**सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से खुला राज**

लापता महिला की तलाश के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा कॉल डिटेल रिकॉर्ड का बारीकी से अवलोकन किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को राजू गिरी पर संदेह हुआ। पुलिस ने उसे दस्तयाब कर गहनता से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने लीला देवी की हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में लीला देवी के साथ संबंध होने तथा उसके द्वारा परेशान और ब्लैकमेल किए जाने की बात बताई। आरोपी के अनुसार लीला देवी उसकी पत्नी के गहने और दो लाख रुपए पहले ले चुकी थी तथा लगातार मांग कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी विवाद के चलते आरोपी ने लीला देवी को 13 मार्च को बुलाया और बाद में उसकी हत्या कर शव को खेत में दफना दिया।




**निशानदेही पर बरामद हुआ कंकाल**

आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने खेत में दबे शव के अवशेष बरामद किए। साथ ही मृतका का बैग, आधार कार्ड, डिब्बा तथा पैरों में पहनी बिछूड़ियां भी बरामद की गईं। बरामद कंकाल को पोस्टमार्टम एवं वैज्ञानिक जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस द्वारा मृतका की पहचान की पुष्टि के लिए आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं।

**एसपी के निर्देशन में पुलिस टीम ने किया खुलासा**

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया आरपीएस के सुपरविजन तथा वृताधिकारी ब्यावर नरेन्द्र कुमार पारीक के नेतृत्व में की गई। साकेतनगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले का खुलासा किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक कुम्भाराम, सहायक उपनिरीक्षक तेजाराम राम, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र नं. 803, कांस्टेबल हनुमान सहाय नं. 1589 तथा कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार नं. 40 शामिल रहे। पुलिस के अनुसार एएसआई तेजाराम राम और कांस्टेबल हनुमान सहाय का मामले के खुलासे में विशेष योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी राजू गिरी के खिलाफ प्रकरण संख्या 304/2026, दिनांक 11 अगस्त 2026, धारा 103(1) व 238(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा प्रकरण में आगे की जांच जारी है।

# जहाजपुर में हर्षोल्लास से निकला ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस



स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को जहाजपुर में ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान लोगों ने नात-ए-पाक पढ़ते हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद किया। जुलूस में युवा, बुजुर्ग एवं बच्चे भी उत्साह के साथ शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे, प्रेम, शांति और सौहार्द का संदेश दिया। ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी तथा क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की।

# खुले होद ने बुझा दी छह साल की गरिमा की जिंदगी, खेलते-खेलते पानी में गिरी मासूम





स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** सहदेव नगर-बड़िया श्यामा क्षेत्र में बुधवार सुबह खुले पानी के होद ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। घर के पास खेल रही छह वर्षीय मासूम गरिमा पुत्री जितेंद्र सिंह रावत पैर फिसलने से पानी के होद में जा गिरी। काफी देर बाद परिजनों को उसके होद में गिरने का पता चला। परिजन उसे तत्काल राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गरिमा अपनी मां के पास खेल रही थी। उसकी मां घर के काम में व्यस्त होकर कपड़े धो रही थी। इसी दौरान गरिमा खेलते हुए पास में बने पानी के होद के आसपास पहुंच गई। बताया जा रहा है कि होद का ढक्कन खुला हुआ था। खेलते समय अचानक पैर फिसलने से वह होद में गिर गई। कुछ देर बाद गरिमा की मां ने उसे आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आसपास तलाश करने के बावजूद बच्ची दिखाई नहीं दी। इस पर परिजनों को चिंता हुई। गरिमा के चाचा ने पानी के होद का ढक्कन खोलकर देखा तो बच्ची पानी में नजर आई। परिजनों ने तत्काल उसे बाहर निकाला और राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर साकेत नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

### अवैध हथकढ़ शराब पर आबकारी विभाग का बड़ा प्रहार

# 1300 लीटर वॉश व 5 चालू भट्टियां नष्ट, 53 लीटर शराब जब्त...

## मांडलगढ़, शाहपुरा व भीलवाड़ा आबकारी दल की संयुक्त कार्रवाई कंजर बस्तियों सहित 8 ठिकानों पर दबिश, 1 मुकदमा दर्ज...

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़ ।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार मांडलगढ़ वृत्त क्षेत्र में अवैध हथकढ़ शराब के निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग ने सघन संयुक्त कार्रवाई की है। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन अजमेर राधेश्याम डेलू के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी योगेश श्रीवास्तव के सुपरविजन में आबकारी निरोधक दलों ने विभिन्न संदिग्ध इलाकों में दबिश देकर 5 चालू भट्टियों सहित करीब 1300 लीटर उत्तेजित वॉश को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

**इन इलाकों में दी गई दबिश**

आबकारी निरीक्षक वृत्त मांडलगढ़ नंद किशोर के नेतृत्व एवं प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल भीलवाड़ा नाथूसिंह कानावत, आबकारी निरोधक दल शाहपुरा व मांडलगढ़ के जाप्ते द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। टीम ने वृत्त क्षेत्र के चिताबड़ा कंजर बस्ती, बिजौलियां, भोपतपुरा, मालका खेड़ा, जलिन्द्री, रघुनाथपुरा कंजर बस्ती, श्यामपुरा व मोहनपुरा में जंगलों, नालों और संदिग्ध ठिकानों पर सघन सर्च अभियान चलाया।



**कार्रवाई का विवरण:**

**उत्तेजित वॉश:** करीब 1300 लीटर वॉश मौके पर नष्ट किया गया।

**हथकढ़ भट्टियां:** 5 अवैध चालू भट्टियों को तोड़कर नष्ट किया गया।

बरामदगी: 53 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त की गई।

अभियोग: आबकारी अधिनियम के तहत 1 प्रकरण दर्ज किया गया।

**कार्रवाई में यह टीम रही शामिल**

संयुक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी दल के जमादार प्रेम सिंह, सिपाही नोलाराम, सिपाही मिश्री लाल एवं आबकारी गार्ड दुर्गा लाल का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि वृत्त क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ यह धरपकड़ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### काछोला में उत्साह के साथ मनाया ईदमिलादुन्नबी का पर्व,अमन चैन का देता है पैगाम

# जलसा में अकीदतमंदों द्वारा सजाए गए इस्लामिक मॉडल,रहे आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**काछोला** पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (सअव) की यौमे पैदाइश 1501 सालाना जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मंगलवार को अकीदत,मोहब्बत व उत्साह के साथ मनाया गया। जामा मस्जिस पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने अपनी तकरीर में कहा कि इस्लाम ए पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरे विश्व को नफरत दूर करने व मोहब्बत और अमन कायम करने का पैगाम देता है वही पैग़म्बरे इस्लाम ने लोगो से सच्चाई,ईमानदारी,व शरीअत के मुताबिक जिंदगी गुजारने की अपील की। वही आशिके रसूल ने रात घरों में इबादत की गईं। मंगलवार को जुलूस ए मोहम्मदी में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।इसमें सैकड़ो संख्या में छोटे,युवा,बच्चे,बुजुर्ग शामिल हुए।अकीदतमंदों ने जुलूस में आका की आमद,मरहबा, रसूल की आमद मरहबा,रसूल ए खुदा की शान अल्लाह अल्लाह,नारा ए तकबीर व नारा ए रिसालत आदि के नारे सदाये बुलंद करते हुए आगे बढ़े,महफिल मिलाद, जलसा और अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए जामा मस्जिद एवं घरों में शानदार सजावट की गई है।जुलूस में इस्लामी झंडा,जुलूस में पेगम्बरे इस्लाम के जीवन ,कुरान और हदीस से जुड़ी तख्तियां बेनर व मदीना शरीफ,मक्का शरीफ,ख्वाजा गरीब नवाज,आका हुसैन,धौलाई वाले बाबा,सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, नक्शा ए हिन्दोस्तां में वतन से मोहब्बत सच्ची मोहब्बत,कुरान पाक,नालेन पाक सहित आदि इस्लामिक मॉडल अक्ष आकर्षण के केंद्र रहे।इससे पूर्व जलसा बाई पास ईदगाह मदरसा से शुरू हुआ जो बस स्टैंड,सदर बाजार,पुराना थाना



होता हुआ गोल चबूतरा से धौलाई वाले बाबा की दरगाह पर चादर शरीफ,अकीदत के फूल,इत्र,अगरबत्ती पेश कर अपने घर परिवार के लिए अमन,चैन खुशहाली,कामयाबी,उन्नति,प्रगति की दुआ व अपने मुल्क में अमन चैन की दुआ की।इस मौके पर सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी,हाजी मोहम्मद हासम लजवान,कमालुद्दीन रंगरेज,हाजी बाबू मेवाती,मोहम्मद युनुस रंगरेज,हाजी अहमद लजवान,हाजी मोहम्मद शाबिर रँगरेज,हाजी रमजान मोहम्मद बिसायती,हाजी शमसुद्दीन लजवान,रफीक मोहम्मद मंसुरी,हाजी लाल मोहम्मद सोरगर,उस्मान गनी रंगरेज,फारूक बागवान,सरवर खान,अशरफ अली,बाबू शाह,पीर मोहम्मद,इखलास मंसूरी,फिरोज,साहिल, सहित सेकड़ो आशिके रसूल उपस्तिथ थे।इसको लेकर काछोला थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा के निर्देशन में राजकुमार,प्रहलाद मीणा,गोपेश कुमार, विकास मीणा,नेतराम, सहित आदि ने पुलिस प्रशासन शांति व कानून व्यवस्था को लेकर जाब्ते के साथ जलसे में रहे।वही अतिथियों का मेवाड़ी परम्परानुसार दस्तारबंदी कर स्वागत किया। .

# सोपुरा में श्री श्री 1008 श्री हीरापुरी जी महाराज के मंदिर पर गिरी बिजली, कलश टूटा, मंदिर का ऊपरी भाग खंडित

स्मार्ट हलचल

**गुरला:-** / भीलवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत सेथुरियाइ के सोपूरा में स्थित श्री श्री 1008 श्री हीरापुरी जी महाराज के मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार देर शाम तेज गर्जना के साथ बिजली सीधी मंदिर के ऊपर गिरी। बिजली गिरने से मंदिर के ऊपर लगा कलश टूट गया और मंदिर के ऊपरी भाग का कुछ हिस्सा खंडित हो गया। इसके साथ ही मंदिर में लगा लाइटिंग बोर्ड और बिजली के उपकरण भीजलकर राख हो गए। घटनाके समय मंदिर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण सोपुरा निवासी शंभु पुरी अर्जुन पुरी प्रहलाद पुरी ने बताया कि मंदिर गांव की आस्था का केंद्र है। नुकसान की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।



### नॉर्थ जोन प्रतियोगिता की तैयारियां जोरो शोरो पर

# महेन्द्र कुमारी खींची आयोजन समिति के सदस्य बने...

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में जिला भीलवाड़ा संघ द्वारा आयोजित योनेक्स सनराइज इन्टर स्टेट नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैम्पियनशिप 02 से 06 सितम्बर तक फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी, सांगानेर रोड़, भीलवाड़ा में आयोजित होगी। जिसके लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल के मार्ग दर्शन में जोरो-शोरो से तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल के नेतृत्व में प्रतियोगिता की तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है, 7 राज्यों की प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी है, और प्रतियोगिता स्थल पर टेन्ट का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष के अनुसार महेन्द्र कुमार खींची को आयोजन समिति का पदाधिकारी बनाया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि राजस्थान टीम 29 अगस्त को सांय पहुंचने की सम्भावना है एवं बाकी 6 राज्यों की टीमें 1 सितम्बर को भीलवाड़ा पहुंचेगी जहां सभी टीमें फोर आर्म्स एकेडमी पर प्रैक्टिस करेगी। फोर आर्म्स एकेड़मी का तकनीकी आधार पर सही किया जा रहा है। राजस्थान बैडमिंटन संघ ने प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति की है वहीं भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा प्रतियोगिता के लिए विनय जोशी महाराष्ट्र को मुख्य निर्णायक, उप निर्णायक अजेंद्र राय उत्तरप्रदेश एवं मैच कंट्रोलर निकुंज परमार गुजरात होंगे।



# निकाय चुनाव में शराब पर सख्ती : भीलवाड़ा में 7 से 11 सितंबर तक कई इलाकों में रहेगा ड्राई डे

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम एवं नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर प्रशासन ने शराब की बिक्री पर शिकंजा कस दिया है। मतदान और मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए जिले के संबंधित नगरीय क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने संयुक्त शासन सचिव, वित्त (आबकारी) विभाग के निर्देशों के तहत सूखा दिवस के आदेश जारी किए हैं।

**पहले चरण में 9 सितंबर को मतदान:-**

पहले चरण में नगर निगम भीलवाड़ा और नगर पालिका बीगोद में 9 सितंबर को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 7 सितंबर शाम 6 बजे से 9 सितंबर शाम 6 बजे तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।

**दूसरे चरण में 9 से 11 सितंबर तक पाबंदी**




दूसरे चरण में आसीन्द, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, माण्डलगढ़ और बिजौलिया में 11 सितंबर को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 9 सितंबर शाम 6 बजे से 11 सितंबर शाम 6 बजे तक ड्राई डे रहेगा।

**14 सितंबर को मतगणना, फिर रहेगा सूखा दिवस**

चुनाव का असली फैसला 14 सितंबर को सामने आएगा। 14 सितंबर को मतगणना दिवस पर भी संबंधित सभी नगर निकाय मुख्यालयों में सूखा दिवस लागू रहेगा। इनमें भीलवाड़ा नगर निगम के साथ आसीन्द, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, बीगोद, माण्डलगढ़ और बिजौलिया शामिल हैं।

**पुनर्मतदान हुआ तो फिर लागू होगा प्रतिबंध:-**

प्रशासन ने साफ किया है कि यह प्रतिबंध संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू रहेंगे। यदि किसी क्षेत्र में पुनर्मतदान की स्थिति बनती है तो पुनर्मतदान वाले दिन भी सूखा दिवस प्रभावी रहेगा।

चुनावी माहौल में शराब के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश पर प्रशासन की नजर रहेगी।

# कोठियां में विशाल रक्तदान शिविर, 266 यूनिट रक्त संग्रह



### ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित शिविर में युवाओं सहित लोगों ने उत्साह से किया रक्तदान

फुलिया कलां / उपखंड क्षेत्र के अवड़ में निकटवर्ती कोठियां कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर रजाए मुस्तफा समाज सेवा समिति, कोठियां के तत्वावधान में सामुदायिक भवन में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा एवं जेएलएन अस्पताल, अजमेर से पहुंची चिकित्सकीय टीमों ने रक्तदाताओं की आवश्यक जांच के बाद रक्त संग्रह किया। शिविर में कुल 266 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करवाना समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। शिविर में युवाओं की विशेष भागीदारी रही। रक्तदाताओं ने आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित इस रक्तदान शिविर ने धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक सरोकार और मानव सेवा का संदेश भी दिया।

# देव नारायण स्वरूप में सजे सिद्धेश्वर महादेव, महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## मालासेरी के पुजारी हेमराज पोसवाल हुए शामिल, विधायक उदयलाल भड़ाणा ने भी की पूजा-अर्चना...

स्मार्ट हलचल

**मांडल /** मेजा रोड स्थित ऐतिहासिक 32 खंभों की छतरी परिसर में आयोजित 30वें सावन महोत्सव के तहत मंगलवार को सिद्धेश्वर महादेव का भगवान देव नारायण के प्राकट्य स्वरूप में आकर्षक शृंगार किया गया। विशेष शृंगार के दर्शन एवं महाआरती में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान शिव और देव नारायण भगवान के जयकारों से गूंज उठा। सावन महोत्सव के तहत सावन अमावस्या से रक्षाबंधन तक प्रतिदिन भगवान सिद्धेश्वर महादेव का अलग-अलग स्वरूपों में नयनाभिराम शृंगार किया जाता है। मंगलवार को देव नारायण भगवान के प्राकट्य स्वरूप में किए गए विशेष शृंगार ने श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित किया। महाआरती में भगवान श्री देवनारायण जी जन्मस्थली मालासेरी देव नारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल शामिल हुए। उन्होंने भगवान सिद्धेश्वर महादेव के देव नारायण प्राकट्य स्वरूप के दर्शन किए और भावविभोर हो गए। मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा ने भी महाआरती में भाग लेकर भगवान की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पुजारी हेमराज पोसवाल ने भगवान देव नारायण से जुड़े मांडल क्षेत्र के ऐतिहासिक प्रसंगों की जानकारी श्रद्धालुओं को दी। उन्होंने 32 खंभों की छतरी एवं सिद्धेश्वर महादेव स्थल के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग सरकार के समक्ष रखने की बात कही। विधायक उदयलाल भड़ाणा ने कहा कि 32 खंभों की छतरी और सिद्धेश्वर महादेव स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके संरक्षण एवं विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान देव नारायण एवं सिद्धेश्वर महादेव के जयकारे लगाए। मंदिर परिसर में देर तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर बीडीओ गुलाब सिंह गुर्जर, विधायक पुत्र सूरज भड़ाणा, मुकेश भड़ाणा, ओम भंडिया, लालकृष्ण सेन, सिद्धेश्वर महादेव सेवा समिति प्रमुख घनश्याम जोशी, उच्च न्यायालय जोधपुर के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह गौड़, पूर्व फौजी शंकर सिंह मेजा, मांडल प्रेस क्लब सचिव सुरेश मेघवंशी, नंदलाल गाडरी, प्रभु गाडरी, मुकेश सालवी, दीपक जोशी, महेश बिड़ला, शुभम भट्ट, अंकित जोशी, गणेश प्रजापत, चेतन गाडरी सहित क्षेत्रभर से हजारों शिवभक्त एवं देवभक्त मौजूद रहे।





# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: शांति भंग और विभिन्न मामलों में वांछित दर्जनों आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में तथा विभिन्न आपराधिक मुकदमों में वांछित दर्जनों आरोपियों को धर दबोचा।

**शांति भंग (धारा 126-170 पत्रिकाहृस्स्) में गिरफ्तार आरोपी:**

**बिजोलिया:** दिलखुश पुत्र कैलाश रेगर (उम्र 19 वर्ष, निवासी बिडखेडा, बसोली, बूंदी), दिनेश पुत्र मांगीलाल माली (उम्र 39 वर्ष, निवासी केसरगंज, बिजौलिया), विक्रम पुत्र पानाचन्द कंजर (उम्र 30 वर्ष, निवासी रघुनाथपुरा, काछोला)।

**जहाजपुर:** मंजु देवी पत्नी कन्हैयालाल मीणा (उम्र 40 वर्ष), सुनिता पत्नी फुलसिंह मीणा (उम्र 40 वर्ष), फुलसिंह मीणा पिता कल्याण सिंह मीणा (उम्र 57 वर्ष), निवासीगण समेल का भाटा सरसिया।

**पण्डेर:** देवराज पिता खाना भाट (उम्र 29 वर्ष, निवासी पण्डेर)।

**प्रतापनगर:** नरेन्द्र कुमार पिता चतुर्भुज लुहार (उम्र 36 वर्ष, निवासी जी.ए. बापूनगर), रमेश




प्रजापत पिता श्रवण कुमार (उम्र 27 वर्ष, निवासी झालरा, आसींद), राजअमर पिता शंकरलाल पंवार (उम्र 40 वर्ष), रूखम पिता करण सिसोदिया, सर्मिला पत्नी शतरूदीन (उम्र 40 वर्ष), राजकुमारी पत्नी लवदीन (उम्र 50 वर्ष), तमीना पत्नी जितेन्द्र (उम्र 35 वर्ष), मदीप पत्नी ईतुसी (उम्र 30 वर्ष), अरीना पत्नी बल्लु (उम्र 30 वर्ष), निवासीगण भोपाल (म.प्र.)।

**शाहपुरा:** हेमराज पिता ओमप्रकाश कहार (उम्र 23 वर्ष), किशन पिता रामपाल कहार (उम्र 21 वर्ष), निवासीगण उदयभान गेट, शाहपुरा।

**मंगरोप:** किशोर कुमार पिता अम्बालाल (निवासी मोडावास, सोजत सिटी, पाली)।

**कोटड़ी:** श्याम लाल मीणा पिता पप्पू लाल मीणा (उम्र 29 वर्ष, निवासी जालम की झोपडिया, माण्डलगढ), जगदीश मीणा पिता नन्द लाल मीणा (उम्र 29 वर्ष, निवासी पोहपुरा गंगापुर, पारसोली), प्रकाश चन्द पिता देवी लाल गुर्जर (उम्र 28 वर्ष, निवासी चौमू दूगार, पारसोली), महावीर प्रसाद मीणा पिता भंवर मीणा (उम्र 29 वर्ष, निवासी नया कुआ बरूदनी, बिगोद)।

**गंगापुर:** पारसमल पिता किशनलाल जाट (निवासी आमली, गंगापुर)।

**रायपुर:** रतन लाल पिता लेहरू लाल जाट (उम्र 45 वर्ष, निवासी किशोरपुरा, रायपुर)।

**गुलाबपुरा:** गणेश पिता मेघा माली (उम्र 28 वर्ष, निवासी गणेशपुरा), सांवर लाल पिता सुखदेव मेघवंशी (उम्र 32 वर्ष, निवासी सागरिया बावडी, फुलिया कलां), जयदेव पिता नारायण गुर्जर (उम्र 35 वर्ष, निवासी मांदेडा की झोपडिया)।

**पुर:** राजकुमार पिता गोपीचन्द यादव (उम्र 28 वर्ष, निवासी नैनवां, बूंदी, हाल किरायेदार खेल मोहल्ला, पुर)।

**विभिन्न प्रकरणों में वांछित आरोपी गिरफ्तार:**

**कोतवाली:** आरती पत्नी अनिल सांसी (उम्र 28 वर्ष), संजू देवी पत्नी पूरण सांसी (उम्र 36 वर्ष), निवासीगण एफसीआई गोदाम के पास, भीलवाड़ा।

**जहाजपुर:** राधेश्याम पिता नारायण मीणा (उम्र 53 वर्ष, निवासी लक्ष्मीपुरा), भैरू लाल पुत्र बालूराम मीणा (उम्र 31 वर्ष, निवासी ओडिया खेडा, पण्डेर)।

**करेडा:** विशाल पिता बाबूलाल मीणा (निवासी बीलक घड़ावत, ऋषभदेव, उदयपुर)।

**सुभाषनगर:** सम्पत सिंह पिता अमर सिंह राजपूत (उम्र 55 वर्ष, निवासी कालु सिंह जी की आमली, फुलिया कलां), बाबु लाल गवारियां पिता माधु लाल गवारिया (उम्र 34 वर्ष, निवासी आर.के. कॉलोनी), राजेश सांसी पिता नानाराम सांसी (निवासी सांगानेर कॉलोनी, भीलवाड़ा)।

**शाहपुरा:** देवी लाल पिता रूपा लाल गुर्जर (उम्र 38 वर्ष, निवासी सादास, बनेड़ा)।

**बनेड़ा:** जयसिंह पिता सरदार खारोल (उम्र 20 वर्ष, निवासी सालरिया कलां, बनेड़ा)।

**मंगरोप:** रामेश्वर लाल पिता कालू लाल गुर्जर (उम्र 25 वर्ष), नारायण पिता देवी लाल गुर्जर (उम्र 22 वर्ष), निवासीगण गुवारडी, मंगरोप।

**भीमगंज:** विक्रम सांसी पुत्र नटवर लाल सांसी (उम्र 33 वर्ष, निवासी पट्टी मार्केट, भीलवाड़ा)।

**कोटड़ी:** महेन्द्र पिता लादू रेगर (उम्र 23 वर्ष, निवासी नन्दराय, कोटड़ी)।

**रायपुर:** कन्हैयालाल पिता धर्मचन्द गुर्जर (उम्र 28 वर्ष), यामानाथ पिता प्रभुनाथ योगी (उम्र 21 वर्ष, निवासीगण भटेवर), मुकेश पिता प्यारचन्द तेली (उम्र 30 वर्ष, निवासी लक्ष्मीपुरा, बागोर), प्रकाश गुर्जर पिता डालचन्द गुर्जर (उम्र 22 वर्ष, निवासी फतेहपुरा), मुकेश पिता हिरालाल जाट (उम्र 35 वर्ष, निवासी सियार, मंगरोप)।

**सदर:** अनिल बुनकर पिता हेमराज बुनकर (उम्र 29 वर्ष, निवासी सुवाणा, भीलवाड़ा)।

**रायला:** महादेव पिता रुघनाथ गुर्जर (उम्र 33 वर्ष, निवासी चेची खेडा), सुरेश पिता लादू राम भील (उम्र 28 वर्ष, निवासी लाम्बिया कलां, रायला)।

## वैभव सिंह जाट बने भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मनोनीत !

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान माध्यमिक प्रायोगिक शिक्षा संघ (RMPSA) की ओर से प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी की अनुशंसा पर पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडलगढ़, भीलवाड़ा के वैभव सिंह जाट को संघ का भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन मंत्री चुन्नीलाल कुमावत द्वारा जारी मनोनयन पत्र में बताया गया कि वैभव सिंह जाट को जिले में संगठन को मजबूत करने, कार्यकारिणी का विस्तार करने तथा प्रयोगशाला सहायकों को संगठन से जोड़ने की ज़िम्मेदारी सौंपी है

## सिद्धार्थ शर्मा को राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा (युवक संघ) में प्रदेश खेल प्रभारी नियुक्त

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा,** राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा (युवक संघ) ने संगठन विस्तार के क्रम में भीलवाड़ा निवासी श्री सिद्धार्थ शर्मा पुत्र श्री दिनेशचन्द्र जी शर्मा को प्रदेश खेल प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार व्यास और प्रदेश महामंत्री मुकेश कुमार त्रिपाठी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र क्रमांक 2025-26/536 के अनुसार, संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह मनोनयन किया गया है। नियुक्ति पत्र में अपेक्षा की गई है कि नवनियुक्त प्रदेश खेल प्रभारी संगठन की नीतियों का पालन करते हुए समाज मे विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवा शक्ति व समाज को संगठित, सशक्त एवं प्रगतिशील बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार व्यास, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हर्षित गौतम, प्रदेश महामंत्री मुकेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रदेश प्रभारी किशन लाल सांखी ने सिद्धार्थ शर्मा को बधाई देते हुए उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

## श्रीयादे मां कदमा कमेटी प्रतापपुरा (60 गांव) की वार्षिक बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**प्रतापपुरा।** बुधवार, 26 अगस्त 2026 को कदमा, प्रतापपुरा में श्रीयादे मां कदमा कमेटी प्रतापपुरा (60 गांव) की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में 60 गांवों से आए प्रतिनिधियों एवं समाजबंधुओं ने भाग लिया। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक विकास एवं समाजहित के कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों एवं कमेटी की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सभी समाजबंधुओं की सहमति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से दैवकिशन जी प्रजापत, फुलिया खुर्द वाले को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष दैवकिशन जी प्रजापत ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता, भाईचारे एवं संगठन को मजबूत बनाने के साथ समाजहित में कार्य करने की बात कही। बैठक में उपस्थित समाजबंधुओं ने श्रीयादे मां के आशीर्वाद से समाज को एकजुट एवं मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



## जलमहल में युवक के छलांग लगाने से मचा हड़कंप



### देर रात तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, युवक बोला- हमारे सामने कूदा, 1 बजे तक नहीं मिला, सुबह फिर ढूंढेंगे

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** जलमहल में बुधवार देर रात एक युवक के छलांग लगाने की सूचना से हड़कंप मच गया। रात करीब सवा दस बजे युवक के जलमहल में कूदने की सूचना प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही ब्रह्मपुरी थाना पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं और झील में युवक की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बावजूद देर रात तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। ब्रह्मपुरी थानाधिकारी बृज मोहन कविया ने बताया कि जलमहल के पास मौजूद दो युवकों ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक युवक जलमहल में कूद गया है। इसके बाद पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने मौके पर पहुंचकर पानी में युवक की तलाश शुरू की। जलमहल की पाल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। देर रात सवा बारह बजे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, लेकिन युवक का पता नहीं चला। प्रत्यक्षदर्शी राहुल ने बताया कि रात करीब सवा दस बजे एक युवक पजामा-टीशर्ट पहने जलमहल की पाल पर आया। कुछ देर बाद उसने अचानक झील में छलांग लगा दी। राहुल के अनुसार, वह चार दोस्तों के साथ चौपाटी पर मौजूद था। सूचना मिलने पर जब वे पाल के पास पहुंचे तो पानी में युवक के हाथ दिखाई दिए, लेकिन कुछ ही पल बाद वह पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद देवेंद्र शर्मा ने भी बताया कि पजामा-टीशर्ट पहने युवक जलमहल की पाल पर आया और अचानक पानी में छलांग लगा दी। युवक के कूदते ही वहां मौजूद लोग उसकी ओर दौड़े, लेकिन तब तक वह पानी में डूब चुका था। शुरुआत में पानी के बीच उसके हाथ नजर आए, जो कुछ ही देर बाद दिखाई देना बंद हो गए।

### गांगलास में मुख्य सड़क कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण परेशान

# पंचायत की लापरवाही से जलभराव और गड्ढों की समस्या, हादसों व बीमारियों का बढ़ा खतरा

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा** जिले के गांगलास गांव में रेगरों के मोहल्ले में बाबा रामदेव मंदिर के समीप मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह जलभराव, कीचड़ और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से समस्या के स्थायी समाधान को लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीण नारायण लाल और नानूराम रेगर ने बताया कि पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर पूरे वर्ष जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती है। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। कीचड़ के कारण पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का डर बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार अटल सेवा केंद्र, विद्यालय सहित गांव के कई हिस्सों में नालियों का निर्माण नहीं होने से बारिश और घरों से निकलने वाला पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। लंबे समय से जलभराव के कारण सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और बड़े गड्ढे बन गए हैं।

**करीब 500 मीटर सड़क बदहाल**

ग्रामीणों का कहना है कि गांव की मुख्य सड़क का करीब 500 मीटर हिस्सा वर्तमान में गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो चुका है। यह मार्ग बस स्टैंड सहित गांव के प्रमुख हिस्सों को जोड़ता है और क्षेत्र के दो बड़े धार्मिक स्थलों तक आने-जाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। बारिश के दौरान यह मार्ग लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद सड़क की हालत में सुधार नहीं हुआ है। सड़क जर्जर होने के बाद संबंधित विभाग की ओर से इसके रखरखाव और मरम्मत पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

**बीमारियों और हादसों का डर**

सड़क पर लंबे समय तक पानी और कीचड़ जमा रहने से गंदगी बढ़ रही है। ग्रामीणों को मच्छरजनित एवं अन्य बीमारियां फैलने की आशंका सता रही है। वहीं गड्ढों के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत, नालियों का निर्माण तथा पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत मिल सके।

# भीलवाड़ा गारमेंट्स होलसेल एसोसिएशन में फिर नरेश सोमानी को मिली कमान

### एसोसिएशन की बैठक आयोजित, नई टीम गठित, व्यापारिक हितों और संगठन को मजबूत बनाने पर हुआ मंथन

### संरक्षक भागचंद जैन, सचिव गोपाल विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष सनी हरचंदानी मनोनित

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** संगठन की सफलता सभी सदस्यों की एकजुटता और सक्रिय सहभागिता पर निर्भर है। व्यापारियों के बीच आपसी समन्वय और एकजुटता को और मजबूत किया जाएगा, ताकि किसी भी समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान हो सके। एसोसिएशन व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर सक्रिय रहेगा और व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सभी सदस्यों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। यह बात भीलवाड़ा गारमेंट्स होलसेल एसोसिएशन के निविर्रोध पुनः अध्यक्ष बने नरेश सोमानी ने कही। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता निभाने, अपने सुझाव साझा करने तथा संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। इससे पुर्व भीलवाड़ा गारमेंट्स होलसेल एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े व्यापारियों ने विभिन्न व्यापारिक विषयों पर चर्चा की तथा एसोसिएशन की आगामी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा सर्वसम्मति से नरेश सोमानी को पुनः एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। व्यापारियों ने सोमानी पर विश्वास जताते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सोमानी ने कहा कि भीलवाड़ा का रेडीमेड होलसेल व्यापार अपनी मेहनत, गुणवत्ता और व्यापारिक एकता के कारण राजस्थान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सभी व्यापारियों के सहयोग से इसे और मजबूत बनाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। सोमानी ने व्यापारियों से टेक्नोलॉजी और डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने भीलवाड़ा में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और गारमेंट उद्योग को नई गति मिलेगी। उन्होंने व्यापारियों से मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग और व्यापार विस्तार से जुड़े नए सुझाव साझा करने का आग्रह किया। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक भागचंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज खारीवाल, उपाध्यक्ष राजेश बच्चानी, अभिषेक सूर्या, सचिव गोपाल विजयवर्गीय, सह सचिव गौतम रांका, कोषाध्यक्ष सनी हरचंदानी, संगठन मंत्री सुरेश खोतानी, सुनील दरगड़ सहित कार्यकारिणी में दिनेश जैन, -राकेश जैन, रोहित लोढ़ा, प्यारचंद कुमावत , राहुल मंत्री मोहनदास मूलचंदानी को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अलग समस्या समाधान टीम का गठन किया गया। इसमें राजेश बच्चानी, मनोज खारीवाल, रोहित लोढ़ा, सुरेश खोतानी एवं मोहनदास मूलचंदानी को शामिल किया गया। टीम व्यापारियों से जुड़ी समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करेगी। अंत मे नरेश सोमानी ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दोबारा सौंपे जाने पर सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य करेगा और व्यापार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि नरेश सोमानी पूर्व में भी एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं।

# डीएसटी भीलवाड़ा और थाना पुर की संयुक्त कार्रवाई, 123.550 किलो डोडा पोस्त जब्त

### क्रेटा कार से सात कट्टों में ले जाया जा रहा था मादक पदार्थ, एक आरोपी गिरफ्तार; चालक मौके से फरार

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी भीलवाड़ा और थाना पुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 123.550 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार और दो फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की हैं। पुलिस ने जब्त डोडा पोस्त की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई है। पुलिस के अनुसार 26 अगस्त 2026 को डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि एक हुंडई क्रेटा कार में दो व्यक्ति संदिग्ध मादक पदार्थ लेकर चित्तौड़गढ़ की ओर से भीलवाड़ा की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसटी टीम ने हाजरी खेड़ा चौराहे पर चित्तौड़गढ़ से अजमेर की ओर जाने वाली लेन में नाकाबंदी की। संदिग्ध क्रेटा कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने कार को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने स्टॉप स्टिक लगाकर कार को रोक लिया। कार के टायर पंचर होने के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कार की खलासी सीट पर बैठे व्यक्ति को पुलिस ने डिटेन कर लिया। पूछताछ में डिटेन किए गए व्यक्ति ने अपना नाम अनुज कुमार विश्नोई बताया तथा फरार चालक का नाम विक्रम विश्नोई बताया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अनुज ने कार में अवैध मादक पदार्थ होने की जानकारी दी। इसके बाद थाना पुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार कार की तलाशी लेने पर सात कट्टों में कुल 123.550 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। मौके से क्रेटा कार तथा दो फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की गईं। पुलिस के अनुसार अनुज कुमार ने बताया कि वह अपने साथी विक्रम विश्नोई के साथ चित्तौड़गढ़ स्थित सांवरिया सेठ की तरफ से डोडा चूरा लेकर आ रहा था। मामले में थाना पुर पर प्रकरण संख्या 173/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर अनुज कुमार विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी विक्रम विश्नोई की तलाश की जा रही है तथा मामले में आगे का अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनुज कुमार पुत्र राजेश बिश्नोई, उम्र 24 वर्ष, निवासी बड़वा, तहसील एवं थाना सिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सागर राणा आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज सिंह एवं पुलिस उप अधीक्षक मांडल राहुल जोशी के सुपरविजन तथा थाना पुर प्रभारी एवं डीएसटी प्रभारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

# नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैम्पियनशिप की तैयारियां अंतिम दौर में, भीलवाड़ा में जुटेंगे सात राज्यों के शटलर

### 2 से 6 सितंबर तक फोरआर्म्स एकेडमी में होगा मुकाबला, राजस्थान की टीम 29 अगस्त और अन्य टीमें 1 सितंबर को पहुंचेंगी...

### भीलवाड़ा में सजेगा बैडमिंटन का बड़ा मंच, महेन्द्र कुमारी खींची बने आयोजन समिति के सदस्य

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा /** शहर में पहली बार बड़े स्तर की इंटर स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियां तेज हो गई हैं। रैकेट और शटल की तेज रफ्तार के बीच भीलवाड़ा अगले माह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतिभाओं का गवाह बनेगा। शहर में 2 से 6 सितंबर तक आयोजित होने वाली योनेक्स सनराइज इंटर स्टेट नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैम्पियनशिप को लेकर खेल जगत में उत्साह है। राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में जिला भीलवाड़ा बैडमिंटन संघ की मेजबानी में होने वाली इस प्रतियोगिता में सात राज्यों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी, सांगानेर रोड पर आयोजन स्थल को प्रतियोगिता के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। आयोजन समिति के सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि अब तक सात राज्यों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। प्रतियोगिता स्थल पर टेंट लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। महेन्द्र कुमार खींची को आयोजन समिति का पदाधिकारी बनाया गया है। अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि राजस्थान की टीम के 29 अगस्त की शाम भीलवाड़ा पहुंचने की संभावना है, जबकि अन्य छह राज्यों की टीमें 1 सितंबर को शहर पहुंचेंगी। सभी टीमें फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी में अभ्यास करेंगी। प्रतियोगिता के मद्देनजर एकेडमी को तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। राजस्थान बैडमिंटन संघ की ओर से प्रतियोगिता के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। भारतीय बैडमिंटन संघ ने महाराष्ट्र के विनय जोशी को मुख्य निर्णायक, उत्तर प्रदेश के अजीन्द्र राय को उप निर्णायक तथा गुजरात के निकुंज परमार को मैच कंट्रोलर नियुक्त किया है। आयोजन समिति प्रतियोगिता को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियों में जुटी है।

# रक्षा बंधन पर टीम बदलाव की सार्थक मुहिम




स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी। खुश रहो, खुशियां बाँटो की सोच से रक्षा बंधन को यादगार और सार्थक बनाने की भावना से टीम बदलाव के सदस्यों ने नगर में निर्माणाधीन भवन में कार्यरत मजूदर, कारीगर, कामदारो को कुमकुम तिलक लगाकर एक राखी, मिठाई और नमकीन के पैकेट 40 परिवारों को तथा जरूरत मंद बच्चों को बिस्किट के पैकेट का वितरित किया साथ ही सभी सदस्यों द्वारा सभी कामदारो को रक्षा बंधन की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। अपने पॉकेट मनी को सदकार्यों में खर्च करने तथा त्यौहार की खुशियां जन जन में बांटने का टीम बदलाव का यह प्रयास निश्चित ही अभिनंदनीय और प्रेरणादायी है। जिस ने समाज में समरसता और सेवा भावना का प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किया है। खुश रहे , खुशियां बाँटो की इस मुहिम में शुभांगी नागोता जैन, आरना जैन, प्राज़ नागोता जैन,अर्व जैन,धैर्या जैन,रौनक आहूजा पुलकित मेघवानी, सात्विक अजय, निर्मित जैन,रिधिमा विजावत जैन, रिमझिम विजावत जैन,यशस्वी राठौड़, सचजोत कौर होरा, अनुश्री गुप्ता,खुशी नागर आदि सदस्यगण उपस्थित रहे। तथा सभी के सामूहिक सहयोग से यह सार्थक मुहिम साआनंद संपन्न हुई। समाज के युवा युवतियों में जब इस तरह सेवा, सहयोग की भावना पनपती है तो समाज के हर वर्ग में खुशहाली और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता हैं। टीम बदलाव के जमीनी स्तर के सार्थक प्रयासों से सभी को प्रेरणा लेकर इस तरह के प्रभावी प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए।

# निम्बाहेड़ा नगर परिषद में कथित फर्जी अंकतालिकाओं का मामला, एफआईआर के बाद दस्तावेजों की जांच पर उठे सवाल

## 2017 से 2025 के बीच 35 आवेदनों में कथित अनियमितताओं का उल्लेख, छह नाम एफआईआर में दर्ज; दस्तावेजों के सत्यापन और सरकारी राशि के भुगतान की प्रक्रिया जांच के दायरे में

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, ।** निम्बाहेड़ा नगर परिषद से जुड़ी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) की कौशल प्रशिक्षण योजना में कथित फर्जी एवं कूटरचित शैक्षणिक दस्तावेजों के इस्तेमाल का मामला सामने आया है। पुलिस थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा में दर्ज एफआईआर संख्या 0311/2026 के बाद सरकारी योजनाओं के लिए प्रस्तुत दस्तावेजों के सत्यापन और उनके आधार पर राशि जारी किए जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। मामला वर्ष 2017 से 2025 के बीच का बताया जा रहा है। एफआईआर के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों में 35 आवेदन/विद्यार्थियों से संबंधित कथित अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। इनमें आवेदन पत्रों में दर्ज जानकारी और अंकतालिकाओं अथवा अन्य रिकॉर्ड में कथित अंतर सामने आने का दावा किया गया है। कुछ मामलों में जन्मतिथि में अंतर तो कुछ में अंकतालिकाओं और संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणिकता पर सवाल उठाए गए हैं।




### आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर शिकायत

प्रकरण में सूचना के अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों को महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। शिकायत के साथ इन दस्तावेजों की प्रतियां पुलिस को उपलब्ध कराए जाने का उल्लेख है। ऐसे में जांच का एक प्रमुख बिंदु यह रहेगा कि आवेदन के समय प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किस स्तर पर किया गया और यदि रिकॉर्ड में कोई अंतर था तो उसके बावजूद प्रक्रिया आगे कैसे बढ़ी।

### एफआईआर में छह नामों का उल्लेख

एफआईआर में देवाशीष महर्षि, अजय तोसावड़ा, मनीष शर्मा, तत्कालीन आयुक्त नगर परिषद निम्बाहेड़ा, मेनेजर तथा डीएम डे-एनयूएलएम के नामों का उल्लेख किया गया है। प्रकरण के तार स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर तथा एमएसएमई मेरठ से जुड़े होने का भी उल्लेख सामने आया है। हालांकि, एफआईआर में किसी व्यक्ति का नाम दर्ज होना अपने आप में अपराध सिद्ध होने का प्रमाण नहीं है। संबंधित व्यक्तियों की भूमिका और आरोपों की वास्तविकता का निर्धारण पुलिस जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर होगा।

### सरकारी राशि का रिकॉर्ड भी जांच का अहम बिंदु

प्रकरण में यदि दस्तावेजों की जांच के दौरान अनियमितता प्रमाणित होती है तो कथित कूटरचित दस्तावेजों के अलावा सरकारी योजना के तहत जारी राशि की भी जांच महत्वपूर्ण होगी। पुलिस जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि संबंधित आवेदनों के आधार पर कितनी राशि स्वीकृत अथवा वितरित हुई, राशि किन लाभार्थियों तक पहुंची और भुगतान के लिए कौन-कौन से दस्तावेज सत्यापित किए गए।

### मूल रिकॉर्ड की जांच से सामने आएगी वास्तविक स्थिति

मामले में मूल अंकतालिकाओं, संबंधित शिक्षण संस्थानों के रिकॉर्ड, आवेदन पत्रों, सत्यापन रिपोर्ट, भुगतान विवरण और नगर परिषद से जुड़ी सरकारी फाइलों की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दस्तावेजों में दर्ज कथित अंतर किस स्तर पर और किस कारण से सामने आए। 35 आवेदनों से जुड़े दस्तावेजों का उल्लेख होने के कारण जांच का दायरा भी महत्वपूर्ण हो गया है। अब अनुसंधान के दौरान यह सामने आने की संभावना है कि कथित अनियमितताएं व्यक्तिगत स्तर तक सीमित थीं या प्रक्रिया में अन्य आवेदन भी प्रभावित हुए। फिलहाल पूरे मामले की वास्तविकता पुलिस अनुसंधान और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगी। एफआईआर में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होना अभी जांच का विषय है।

# वीरांगना विद्युलता लोधा के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित

स्मार्ट हलचल




**चित्तौड़गढ़, ।** वीरांगना विद्युलता लोधा के बलिदान दिवस के अवसर पर युवा क्षत्रिय लोधा विकास समिति की ओर से सैंथी पंचवटी कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वीरांगना विद्युलता लोधा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने वीरांगना विद्युलता लोधा की वीरता, त्याग और मेवाड़ के स्वाभिमान के लिए दिए गए बलिदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि चित्तौड़गढ़ और मेवाड़ की धरती वीरता, त्याग और स्वाभिमान की गौरवशाली परंपरा के लिए जानी जाती है। वीरांगना विद्युलता लोधा की वीरगाथा भी इसी परंपरा में साहस और स्वाभिमान का संदेश देती है। समाजजनों ने कहा कि मेवाड़ पर संकट के समय वीरांगना विद्युलता लोधा ने अपने व्यक्तिगत जीवन से ऊपर मातृभूमि के सम्मान को महत्व दिया। उनके त्याग और बलिदान ने उन्हें इतिहास में अमर स्थान दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा ने सदैव आने वाली पीढ़ियों को स्वाभिमान, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी है। वीरांगना विद्युलता लोधा का जीवन और बलिदान भी इसी प्रेरणादायी परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर अखिल भारतीय लोधा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव लोधा, शिव प्रकाश लोधा, सोहन लोधा, श्याम लोधा, हरीश लोधा, नारू लोधा, जसराज लोधा, फूलचंद लोधा सहित समाज के अनेक लोगों ने वीरांगना विद्युलता लोधा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समाजजनों ने वीरांगना विद्युलता लोधा के आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में एकता, स्वाभिमान और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# त्रिवेणी संगम से मुंडला हनुमान तक निकली भव्य कावड़ यात्रा संतों के सान्निध्य में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्मार्ट हलचल




**मांडलगढ़, ।** श्रावण मास के पावन अवसर पर बुधवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में त्रिवेणी संगम से होडा स्थित मुंडला हनुमान मंदिर तक विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में कावड़ यात्री, श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। कावड़ यात्रा में पश्चिम पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वैदेही वल्लभ देवाचार्य जी एवं परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम रामेश्वरदास जी महाराज का पावन सान्निध्य रहा। संतों के आशीर्वाद एवं उपस्थिति से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। त्रिवेणी संगम से प्रारंभ हुई यात्रा के दौरान भगवा ध्वजों, धार्मिक झांकियों और ढोल-नगाड़ों से पूरा मार्ग भक्तिमय नजर आया। यात्रा में भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां एवं अघोरी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कावड़ यात्रियों के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष करते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सनातन संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था और श्रद्धा का यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक एवं धार्मिक एकजुटता का भी परिचायक रहा। इस अवसर पर मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, मांडलगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, बिजोलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कावड़ यात्रा के मुंडला हनुमान मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं हनुमानजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्रावण मास के इस आयोजन ने मांडलगढ़ क्षेत्र में सनातन आस्था, धार्मिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता की मजबूत तस्वीर प्रस्तुत की। भगवा ध्वजों से सजा यात्रा मार्ग और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता वातावरण पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा।

# रेलवे स्टेशन पर ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य का ऐतिहासिक स्वागत, कार्यकर्ताओं के उत्साह से गदगद दिखे मौर्य

स्मार्ट हलचल



**इटावा ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग (OBC) मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य का शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली से लखनऊ जाते समय इटावा रेलवे स्टेशन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने फूल मालाओं, पटको व स्मृति चिन्ह भेंटकर जोरदार व ऐतिहासिक स्वागत किया। ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्टेशन पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व फूल माला भेंट कर उनका स्वागत किया और जोरदार नारेबाजी के बीच उनका अभिनंदन किया। इटावा रेलवे स्टेशन पर कुछ समय के लिए ऐसा माहौल बन गया, मानो पूरा स्टेशन भाजपा कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी से पार्टीमय हो गया हो। कार्यकर्ताओं ने अमर पाल मौर्य का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया। स्वागत से अभिभूत नजर आए अमर पाल मौर्य ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उनके चेहरे पर कार्यकर्ताओं के स्नेह और उत्साह की खुशी साफ दिखाई दी।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में पहले से ही खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। जैसे ही उनके इटावा रेलवे स्टेशन पहुंचने की जानकारी कार्यकर्ताओं को मिली, बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक स्टेशन पर पहुंच गए। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और पिछड़ा वर्ग को पार्टी से जोड़ने के प्रयासों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इटावा आगमन भले ही क्षणिक रहा हों लेकिन उनके आगमन से जिले के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बरसात के खराब मौसम में भी अपने ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत को कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और एकजुटता प्रदर्शित करने का अवसर माना।अमर पाल मौर्य के लखनऊ रवाना होने तक कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत का यह दृश्य इटावा रेलवे स्टेशन पर चर्चा का विषय बना रहा। रेलवे स्टेशन पर हुए इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्य, कमलेश कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष संजीव भदौरिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप साविता, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौबे, कृपा नारायण तिवारी, बासु चौधरी, जिला मंत्री संजू बाबू शाक्य, आयुष राज, राजकमल यादव, सुरेश राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, निवर्तमान जिला मंत्री रजत चौधरी, सह-कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, *जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, गिरधर दीक्षित, देवांश सक्सेना, मंडल अध्यक्ष चंदन मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी, ओबीसी मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## सात करोड़ खर्च के बाद भी बदहाल जसवंत प्रदर्शनी मैदान

# राहुल मदेरणा की मांग : सात करोड़ से विकसित जसवंत प्रदर्शनी मैदान को मिले नियमित सफाई और रखरखाव की सुविधा

## रखरखाव और हरियाली के अभाव में बेनूर हो रहा ऐतिहासिक परिसर, जलभराव-कचरे से परेशान शहरवासी

स्मार्ट हलचल


**भरतपुर-** शहर के ऐतिहासिक महाराजा जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला मैदान के विकास पर करीब सात करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद नियमित रखरखाव, सफाई, जल निकासी और हरियाली के अभाव में यह परिसर बदहाल होता जा रहा है। करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क, लाइट और अन्य विकास कार्य तो किए गए लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास के बाद जिस नियमित देखरेख की जरूरत थी, वह नजर नहीं आ रही है। स्थानीय निवासी राहुल मदेरणा का कहना है कि यदि इस पूरे परिसर की नियमित सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और पौधारोपण पर ध्यान दिया जाए तो यही मैदान भरतपुर के सबसे सुंदर और उपयोगी सार्वजनिक स्थलों में शामिल हो सकता है।

### -कचरा, गंदा पानी और जलभराव से परेशानी

नुमाइश मैदान में जगह-जगह खुले में कचरा और सामग्री पड़ी दिखाई देती है। कई स्थानों पर पानी जमा रहता है और बारिश के बाद स्थिति और खराब हो जाती है। मैदान के बड़े हिस्से में कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है। मदेरणा के अनुसार कभी कोई पशु मर जाए तो समय पर उसे हटाने की व्यवस्था नहीं होने से दुर्गंध और गंदगी की स्थिति भी बन जाती है। ऐसे वातावरण में मैदान का इस्तेमाल करने वाले लोगों को परेशानी होती है।

### -सड़क बनी, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि मैदान में सड़क और अन्य निर्माण कार्य किए गए लेकिन पर्याप्त नालियां और प्रभावी ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। मदेरणा का कहना है कि किसी भी सार्वजनिक परिसर का विकास केवल सड़क और निर्माण कार्य तक सीमित नहीं होना चाहिए। यदि जल निकासी की व्यवस्था नहीं होगी तो बारिश के समय करोड़ों रुपये से विकसित किया गया परिसर भी कीचड़ और पानी में बदल जाएगा।



### -लाइटें लगीं, लेकिन नियमित रोशनी का अभाव

मैदान में लाइटें लगाई गई हैं लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार सामान्य दिनों में इनका नियमित उपयोग नहीं होता। उनका कहना है कि मेले के दौरान तो प्रकाश व्यवस्था दिखाई देती है लेकिन बाकी समय मैदान में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त रोशनी उपलब्ध नहीं रहती। स्टेडियम में जलभराव के कारण कई लोग इस मैदान में सुबह-शाम वॉक करने आते हैं। इनमें वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं भी शामिल हैं। ऐसे में नियमित प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

### -पुराने गेटों का भी नहीं हुआ जीर्णोद्धार

मैदान की पहचान रहे पुराने गेटों की स्थिति भी चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों के अनुसार विकास कार्यों के बावजूद पुराने गेटों का समुचित जीर्णोद्धार नहीं किया गया। कहीं गेट टूटे हुए हैं तो कहीं उनकी हालत जर्जर है। मदेरणा का कहना है कि जिस परिसर का ऐतिहासिक महत्व इतना बड़ा है, वहां प्रवेश द्वार भी उसी इतिहास और पहचान को दर्शाने वाले होने चाहिए। मैदान के लिए एक सुंदर और व्यवस्थित मुख्य प्रवेश द्वार विकसित किया जाना चाहिए।

### हरियाली के नाम पर लगभग कुछ नहीं

स्थानीय निवासी राहुल मदेरणा ने मैदान की हरियाली और पौधारोपण को लेकर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि इतना बड़ा खुला परिसर होने के बावजूद यहां व्यवस्थित रूप से पेड़-पौधे, लॉन या हरित क्षेत्र विकसित नहीं किया गया है। यदि मैदान के चारों ओर और अंदर पर्याप्त संख्या में छायादार एवं स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं, हरित पट्टी विकसित की जाए और बैठने की व्यवस्था की जाए तो यह स्थान बेहद खूबसूरत बन सकता है। उनका सुझाव है कि यहां ग्रीन बेल्ट, पौधारोपण, वॉकिंग ट्रैक और बैठने के लिए बेंच विकसित की जाएं, जिससे यह केवल साल में लगने वाले मेले का मैदान ना रहकर पूरे वर्ष शहरवासियों के लिए उपयोगी सार्वजनिक स्थल बन सके।

### -महाराजा जसवंत सिंह की स्मृति को भी मिले पहचान

जिस महाराजा के नाम पर करीब एक सदी से यह प्रदर्शनी एवं पशु मेला आयोजित होता आ रहा है, उनकी स्मृति को भी परिसर में प्रमुख स्थान मिलना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मैदान में महाराजा जसवंत सिंह की प्रतिमा या स्मृति स्थल बनाया जा सकता है। प्रवेश द्वार पर ऐतिहासिक जानकारी वाला बोर्ड लगाया जाए, जिससे यहां आने वाले लोगों को मेले के इतिहास और इसकी परंपरा की जानकारी मिल सके।

### -हर मंगलवार हाट, फिर भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव

नुमाइश मैदान में प्रत्येक मंगलवार साप्ताहिक हाट लगती है। इसमें छोटे दुकानदार, गरीब और मध्यम वर्गीय व्यापारी अपने सामान की बिक्री के लिए आते हैं। किसान और आम नागरिक भी यहां खरीदारी करते हैं लेकिन बारिश के दौरान जलभराव के कारण व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाट के लिए व्यवस्थित जगह, जल निकासी, साफ-सफाई, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।



### अक्टूबर में फिर लगेगा ऐतिहासिक मेला

हर वर्ष दशहरे के आसपास यहां जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला आयोजित होता है। मेले में छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी दूर-दराज से आते हैं। उनके लिए भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित परिसर उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगामी मेले से पहले मैदान की व्यापक सफाई, जल निकासी और आवश्यक मरम्मत का काम कराया जाना चाहिए ताकि मेले के समय केवल अस्थायी सजावट करके व्यवस्था संभालने की नौबत ना आए।

### चौपाटी के रूप में भी विकसित हो सकता है मैदान

राहुल मदेरणा का कहना है कि इतने बड़े परिसर को साल में सिर्फ एक बार लगने वाले मेले तक सीमित रखने के बजाय इसे स्थायी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। यहां व्यवस्थित चौपाटी, छोटे दुकानदारों के लिए निर्धारित स्थान, वॉकिंग ट्रैक, हरियाली, बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए तो यह शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय निवासी राहुल मदेरणा, रुपेश खंडेलवाल, सुशांत गुप्ता, उमेश तिवारी, मनोज खण्डेलवाल ने जिला प्रशासन और भरतपुर विकास प्राधिकरण से मांग की है कि जसवंत प्रदर्शनी मैदान का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और निम्न कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। पूरे परिसर की विशेष सफाई कराई जाए, खुले में पड़ा कचरा और अनावश्यक सामग्री हटाई जाए, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, पर्याप्त नालियां और प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाए, पुराने गेटों का जीर्णोद्धार कराया जाए, मैदान की लाइटें नियमित रूप से चालू रखी जाएं, बड़े स्तर पर पौधरोपण कर हरित क्षेत्र विकसित किया जाए, वॉकिंग ट्रैक और बैठने की व्यवस्था बनाई जाए, महाराजा जसवंत सिंह की प्रतिमा एवं स्मृति स्थल विकसित किया जाए, एक आकर्षक और व्यवस्थित मुख्य प्रवेश द्वार बनाया जाए, आगामी जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले से पहले पूरे परिसर को साफ और व्यवस्थित किया जाए। मदेरणा का कहना है कि सात करोड़ रुपये खर्च करके किसी सार्वजनिक परिसर को विकसित करना पहला कदम है लेकिन उसकी असली सफलता उसके नियमित रखरखाव और जनता के उपयोग में है। यदि साफ-सफाई, हरियाली, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था पर लगातार ध्यान दिया जाए तो यही ऐतिहासिक मैदान भरतपुर की खूबसूरत पहचान बन सकता है। प्रशासन को चाहिए कि करोड़ों रुपये से तैयार किए गए इस परिसर को उपेक्षा के कारण खराब होने देने के बजाय इसकी नियमित देखरेख की स्थायी व्यवस्था करे।

# नामांकन प्रक्रिया को लेकर कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

स्मार्ट हलचल

अ ब्यावर। नगर परिषद चुनाव-2026 के तहत वार्ड प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया को लेकर बुधवार को नगर परिषद में संबंधित कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह ने बैठक में कर्मचारियों को नामांकन प्रक्रिया की कार्यप्रणाली एवं दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों एवं निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। तहसीलदार ने भी नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## हार्डिकर की 51वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल ने किया नमन

# बालाजी एकेडमी में हुआ कार्यक्रम, विद्यार्थियों को सेवादल के इतिहास व हार्डिकर के विचारों से कराया परिचित

स्मार्ट हलचल



अनिल कुमार ब्यावर। हिन्दुस्तान सेवादल के संस्थापक, स्वतंत्रता सेनानी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. नारायण राव सुब्बाराव (एन.एस.) हार्डिकर की 51वीं पुण्यतिथि बुधवार को ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से पुराना जोधपुर बाईपास स्थित बालाजी एकेडमी में सादगीपूर्ण ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. एनएस हार्डिकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष वीवी श्रीनिवास के निर्देशानुसार विद्यालय में विद्यार्थियों को हिन्दुस्तान सेवादल के इतिहास, उद्देश्य और हार्डिकर के विचारों की जानकारी दी गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने विद्यार्थियों के साथ हार्डिकर के विचार साझा किए और कहा कि सेवादल की स्थापना का उद्देश्य देशसेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना था। इस दौरान प्रदेश महिला सेवादल प्रभारी गंगा रावत, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भारत बाघमार एवं पूर्व पार्षद श्यामसुंदर शर्मा का जिला अध्यक्ष विक्रम सोनी ने गांधी टोपी एवं सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद माथुर, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, यंग ब्रिगेड सेवादल जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार, महिला कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष उर्मिला कांवरिया, प्रदेश सचिव महिला सेवादल जानवी भरवानी, पूर्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधिका शर्मा, जेनिथ शर्मा, जिला प्रवक्ता ऋषि लाम्बा, एडवोकेट आशीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, बिरदा राम सैनी, चेतनाराम मेघवाल, बालूराम सेन, अशोक मूंदड़ा, गोपाल राम, नरेंद्र कुमार, हरि सिंह, शिव शंकर राठौड़, घनश्याम बरोलिया, नरेंद्र सिंह गाड़िया, सम्राट सिंह सिसोदिया, दिनेश सिंह कड़ीवाल, दयाल सिंह, रीमा, उर्मिला सोलंकी, अंतिमा ओझा, शोभा चौधरी, जसोदा गुर्जर, मोतीलाल फुलवारी, राम स्वरूप डागर, ओमप्रकाश, हरिसिंह, अर्पित बाज़ारी, प्रकाश सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, अर्जुनलाल सिंगारिया, राधेश्याम शर्मा, एडवोकेट नंदकिशोर लहवासिया, सतगुरु शरण शुखधामी, कमलेश बोहरा, सोनू चौहान, मोतीलाल फुलवारी एवं संभव कोठारी पंच सहित बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सेवादल कार्यकर्ताओं ने स्व. हार्डिकर के देशसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# ब्यावर नगर परिषद चुनावः 27 से 31 अगस्त तक होंगे नामांकन, दो दिन रहेगा अवकाश

स्मार्ट हलचल




अनिल कुमार ब्यावर। नगर परिषद ब्यावर आम चुनाव 2026 के तहत नामांकन प्रक्रिया 27 अगस्त से शुरू होगी। अभ्यर्थी 31 अगस्त तक नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे। निर्धारित अवधि में 28 अगस्त को रक्षाबंधन तथा 30 अगस्त को रविवार का अवकाश रहेगा। इन दोनों दिनों में नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। शेष दिनों में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। वार्ड 1 से 15 के नामांकन पी.एम. श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड, ब्यावर के कमरा नंबर 37 में होंगे। इसके लिए भगवती प्रसाद वैष्णव, तहसीलदार ब्यावर को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वार्ड 16 से 30 के लिए शिवराम मीणा, तहसीलदार (भू-अ.), जिला कलेक्ट्रेट ब्यावर, वार्ड 31 से 45 के लिए रमेश वर्मा, नायब तहसीलदार सेंदड़ा तथा वार्ड 46 से 60 के लिए मोहरसिंह मीणा, तहसीलदार टॉडगढ़ को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित वार्डों के नामांकन निर्धारित स्थलों पर जमा होंगे। चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी 27 अगस्त से उपखंड कार्यालय ब्यावर से नाम निर्देशन आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिभूति निक्षेप राशि (अमानत राशि) भी 27 अगस्त से उपखंड कार्यालय में जमा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 1 सितंबर को सुबह 10.30 बजे उपखंड अधिकारी ब्यावर के सभागार स्थित पुराने वीसी हॉल में होगी। वहीं अभ्यर्थी 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आदर्श विद्या मंदिर बायतु में सम्पन्न



स्मार्ट हलचल

बायतु / आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय बायतु में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में भाला फेंक, गोला फेंक,लम्बी कूद, ऊँची कूद तथा विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर जिला खेल प्रमुख लाखाराम, प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा, कोच रूपाराम भाखर, दुर्गाराम बलवान, पूर्व सैनिक जैताराम देवासी, अंतर्राष्ट्रीय धावक गोरखाराम, धावक दीपाराम गोदारा, ललित मेवाड़ा सहित खिलाड़ी एवं दल प्रभारी उपस्थित रहे। उपसमिति के सदस्य पुखराज माली, रामलाल जानी, महादेव छात्रावास अधीक्षक प्रवीणकुमार थाकन,अशोक कुमार सोनी उपस्थित थे । प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन करने का संदेश दिया।

# रक्षाबंधन के त्यौहार के मध्यनजर बनेठा में मिठाई की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच कार्रवाई,

## बनेठा कस्बा क्षेत्र में मिठाइयों के नमूने लिए-जोधपुर मिष्ठान भंडार को नोटिस

स्मार्ट हलचल



टोंक/बनेठा। रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए बनेठा उप तहसील क्षेत्र में मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए विभागीय लेबोरेट्री में भेजे हैं। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने के कारण खाद्य विभाग द्वारा विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर के अनुसार टीम ने

कस्बा बनेठा में सैनी मावा मिठाई भंडार से मावा से निर्मित मिठाई बर्फी का नमूना लिया। वहीं बस स्टैंड स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

### निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर नोटिस

जोधपुर मिष्ठान भंडार के निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सुरक्षा सूचना नोटिस जारी किया गया। विभाग ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्थान में त्योहारों के दौरान मिठाइयों की गुणवत्ता और बिना निर्धारित जानकारी के खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई के प्रावधान हैं। नियमों के उल्लंघन पर नमूने लेने, बिक्री रोकने तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई का प्रावधान है।

### टीम में ये रहे शामिल

कार्रवाई के दौरान अविनाश साहू, राजेंद्र सैनी, होमगार्ड रामेश्वर प्रसाद तथा वाहन चालक राकेश सैनी टीम में शामिल रहे।

### जिलेभर में अभियान जारी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि रक्षाबंधन सहित त्योहारों के सीजन में मिलावट की रोकथाम के लिए जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने भी आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर विभाग की प्राथमिकता बताया है। खाद्य विभाग की कार्रवाई से मिठाई कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से भी मिठाई खरीदते समय गुणवत्ता, साफ-सफाई और पैकिंग पर अंकित आवश्यक जानकारी की जांच करने की अपील की है।

# कड़ाह के सहारे उफनाती नदी पार कर रहे ग्रामीण, टूटा बांध बना मजबूरी

## गढ़वा-रारी के बीच आवागमन ठप, 12-13 किमी का चक्कर बचाने के लिए जोखिम में डाल रहे जान

स्मार्ट हलचल



खखरेरू /फतेहपुर थाना क्षेत्र के गढ़वा और रारी गांव के बीच बहने वाली ससुर खदेरी नदी इन दिनों उफान पर है। इसके बावजूद ग्रामीण गन्ने के रस से गुड़ बनाने वाले लोहे के कड़ाह को रस्सी के सहारे नदी पार करने के साधन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। करीब तीन-चार महीने पहले दोनों गांवों के बीच बना पक्का बांध टूटने के बाद ग्रामीणों ने यह जोखिम भरा तरीका अपनाया है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार गढ़वा और रारी के बीच बने बांध से पहले दोनों गांवों के लोग महज कुछ मिनट में आवागमन कर लेते थे। बांध टूटने के बाद अब लोगों को 12 से 13 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। लंबी दूरी से बचने के लिए कुछ ग्रामीणों ने नदी के दोनों किनारों पर रस्सी बांधकर गुड़ बनाने वाले बड़े कड़ाह को नदी पार करने के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। नदी पार करते ग्रामीणों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्मार्ट हलचल की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। टीम के पहुंचने पर कड़ाह मौके पर नहीं मिला, लेकिन नदी किनारे मौजूद बच्चों और ग्रामीणों ने कैमरे के सामने कड़ाह के सहारे नदी पार कर आवागमन किए जाने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि रारी गांव के लोगों को खरीदारी के लिए पौली बाजार आना पड़ता है। सड़क मार्ग से बाजार पहुंचने के लिए करीब 12 से 13 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि नदी के रास्ते दूरी महज चार से पांच किलोमीटर रह जाती है। इसी दूरी को बचाने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही टूटे बांध की मरम्मत या सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने बताया कि राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया है मौका मुहाना करते हुए अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह सहित अन्य मांगों को लेकर बैंक कर्मचारी करेंगे धरना-प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल

उदयपुर, । बैंक कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस उदयपुर की ओर से 27 अगस्त 2026, गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। फोरम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदर्शन शाम 5.15 बजे पंजाब नेशनल बैंक की टाउन हॉल रोड शाखा के बाहर आयोजित किया जाएगा। फोरम के अनुसार बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू किए जाने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है, लेकिन मांग के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया। इसके अलावा एकतरफा एवं भेदभावपूर्ण पीएलआई वापस लेने तथा उसके क्रियान्वयन को रोकने, यूनियनों के साथ मिलकर द्विपक्षीय माध्यम से संशोधन करने सहित अन्य लंबित मुद्दों के समाधान की मांग की जा रही है। फोरम ने बताया कि इन मांगों को लेकर 27 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। संयोजक डीके जैन के अनुसार बैंक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांगों और मुद्दों के प्रति सरकार का रुख नकारात्मक बना हुआ है, जिसके कारण कर्मचारियों में असंतोष है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जब भी बैंक कर्मचारी आगे बढ़कर बैंकों की प्रगति के लिए काम करना चाहते हैं, तब सरकार की नीतियां उनके सामने चुनौती बनकर खड़ी हो जाती हैं। फोरम का कहना है कि यदि सरकार ने बैंककर्मियों की जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फोरम ने चेतावनी दी है कि मांगों का समाधान नहीं होने की स्थिति में आगामी सितंबर माह में हड़ताल तथा अक्टूबर माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल की दिशा में कदम उठाया जा सकता है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस उदयपुर की ओर से बैंक कर्मचारियों एवं संबंधित यूनियनों से 27 अगस्त के प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

# बाबा रामदेव जी के भंडारे का भव्य शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने पूजा-अर्चना कर किया उद्घाटन

स्मार्ट हलचल



सुनेल जौनपुर चौराहा पेट्रोल पंप के पास। बाबा रामदेव जी की आस्था और श्रद्धा से जुड़े भंडारे का भव्य शुभारंभ धार्मिक वातावरण में विधि-विधान के साथ किया गया। भंडारे के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बाबा रामदेव जी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से भंडारे का उद्घाटन किया गया। भंडारे का शुभारंभ कमलेश पाटीदार मंडल अध्यक्ष, ईश्वर सिंह सोनगरा जीएसएस अध्यक्ष, योगेंद्र सिंह , ललित कुमार जनपद, द्वारका लाल पटेल, ठाकुर साहब नंद सिंह, गणपत लाल उप सरपंच, सुरेश नागर, सत्यपाल सिंह, रामकरण, दिनेश कुमार वर्मा, बाबूलाल एवं धन्नालाल द्वारा संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर किया गया। सभी अतिथियों ने बाबा रामदेव जी के समक्ष श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारे में पहुंचे और श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरा आयोजन स्थल बाबा रामदेव जी के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का भी आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने कहा कि भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। श्रद्धालुओं की सेवा और उन्हें प्रसाद उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश जाता है। भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ व्यवस्थाओं को संभाला। इस अवसर पर कमलेश पाटीदार मंडल अध्यक्ष, ईश्वर सिंह सोनगरा , योगेंद्र सिंह , ललित कुमार जनपद, द्वारका लाल पटेल, ठाकुर साहब नंद सिंह, गणपत लाल उप सरपंच, सुरेश नागर, सत्यपाल सिंह, रामकरण, दिनेश कुमार वर्मा, बाबूलाल एवं धन्नालाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बाबा रामदेव जी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की कामना की।

# चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोषसिद्ध, एक वर्ष का कारावास

## 50 हजार के चेक के मामले में 80 हजार रुपये प्रतिकर राशि देने का आदेश

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़, । चेक अनादरण के मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 02, चित्तौड़गढ़ की पीठासीन अधिकारी श्रीमती अंकिता चन्द्रावत ने 4 अगस्त 2026 को महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त रतनलाल कुमावत निवासी सिरोड़ी, तहसील चित्तौड़गढ़ को दोषसिद्ध घोषित किया। न्यायालय ने अभियुक्त को एक वर्ष के साधारण कारावास तथा परिवादी को 80 हजार रुपये प्रतिकर राशि अदा करने से दंडित किया। प्रकरण के अनुसार परिवादी नवीन कुमार नाहर, निवासी लक्ष्मी ज्वैलर्स, सदर बाजार चित्तौड़गढ़ ने अपने अधिवक्ताओं रत्नेश कुमार जैन (बोहरा), विशाल सिंह भाटी एवं मोनिका जैन के माध्यम से अभियुक्त के विरुद्ध चेक अनादरण का परिवाद न्यायालय में पेश किया था। परिवाद के अनुसार अभियुक्त ने व्यवसाय एवं घरेलू खर्च सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए परिवादी से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। इसकी अदायगी के लिए अभियुक्त ने 50 हजार रुपये का चेक परिवादी को दिया। चेक बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर अपर्याप्त राशि के कारण अनादरित हो गया। इसके बाद परिवादी की ओर से अभियुक्त को कानूनी नोटिस भेजा गया, लेकिन चेक की राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद परिवादी ने अधिवक्ताओं के माध्यम से न्यायालय में परिवाद पेश कर कानूनी कार्रवाई शुरू की। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं दोनों पक्षों की दलीलों के आधार पर अभियुक्त रतनलाल कुमावत को चेक अनादरण के अपराध का दोषी माना। न्यायालय ने अभियुक्त को एक वर्ष के साधारण कारावास से दंडित करते हुए परिवादी को 80 हजार रुपये प्रतिकर राशि दिलाने का आदेश दिया। परिवादी की ओर से अधिवक्ता रत्नेश कुमार जैन (बोहरा), विशाल सिंह भाटी एवं मोनिका जैन ने पैरवी की।

# सेन्थी शांतिभवन में मरूधर केसरी मिश्रीमल जी म.सा ओर श्री रूपचन्द्र जी म.सा. की जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई।

स्मार्ट हलचल



ओम जैन शंभूपुरा।
शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ शहर के सेन्थी स्थित शांति भवन मे बुधवार को जैन सिद्धान्ताचार्य प्रतिभा श्री जी म.सा. के चातुर्मासिक प्रवचन के तहत श्रमण सूर्य मरूधर केसरी परम पूज्य गुरुदेव श्री मिश्रीमल जी म.सा की 136वीं जन्म जयन्ति एवं लोकमान्य संत शेरे राजस्थान वरिष्ठ प्रवर्तक परम पूज्य गुरुदेव श्री रूपचन्द्र जी म.सा. की 97वीं जन्म जयंति बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आपके गुणानुवाद के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साध्वी श्री प्रेक्षा श्री जी मसा. ने फरमाया कि इतिहास कांच के टुकड़ो से नही बल्कि हीरो से बनता है। इतिहास घास के तिनको का नही बल्कि तीरो का बनता है। इतिहास उनका बनता है जो जीवन के संग्राम मे हिम्मत का हथियार दे। इतिहास कायरो का नहीं बल्कि शूरवीरों का बनता है। इस सकल चराचर जगत के निर्बाध कालचक्र में प्रतिक्षण अनेकानेक प्राणी जन्ममरण के कुचक्र मे फैंसकर काल कलवित हो जाते है किन्तु कुछ विरल आत्माएं जन्म लेकर अपने जीवन के कल्याण के लिए अपने जीवन का एक अलग ही मार्ग अपना लेते है जिससे उनका नाम इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित हो जाता है। ऐसी ही एक दिव्य आत्मा है जिन्होने समाज मे व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर सम्यक ज्ञान रूपी दिप जन मानस में प्रज्जवलित किया। ऐसे श्रमण दिनकर जन जन की आस्था के केन्द्र थे मरुधर केशरी परम पूज्य श्री मिश्रीमल जी म. सा. आपका जन्म राजस्थान की प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी बाली में श्रेष्ठीवर्य श्री शेषमल जी एवं श्रेष्ठीवर्या श्रीमती केशरबाई के घर हुआ था।

# ईद मिलाद-उन-नबी पर चांग गेट पर जुलूस का किया इस्तकबाल, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

## रंगरेज बिरादरी विकास समिति ने दिया अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश

स्मार्ट हलचल




अनिल कुमार ब्यावर। ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर शहर में मुस्लिम समाज की ओर से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाए जाने वाले इस पर्व पर लोगों ने उनके जीवन, आदर्शों और मानवता के संदेश को याद करते हुए अमन, शांति, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। इसी क्रम में रंगरेज बिरादरी विकास समिति, ब्यावर की ओर से चांग गेट पर ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस का इस्तकबाल किया गया। समिति के सदर मुस्ताक अली के नेतृत्व में समाज के लोगों ने जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान गुलजार राही, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद युसूफ, मुमताज अली और बाबू कासिम सहित रंगरेज समाज के सदस्य मौजूद रहे। समाजबंधुओं ने जुलूस पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और लोगों को ईद मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ईद मिलाद-उन-नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में मनाया जाता है। पैगंबर साहब ने दुनिया को दया, न्याय, प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। उनके बताए आदर्शों को अपनाकर समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। जुलूस के दौरान शहर में सौहार्दपूर्ण माहौल नजर आया। लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे की दुआ की। रंगरेज बिरादरी विकास समिति के पदाधिकारियों और समाजबंधुओं ने कहा कि सभी धर्मों के बीच प्रेम, सम्मान और भाईचारा कायम रखना ही ईद मिलाद-उन-नबी के संदेश को सार्थक करता है।

# रक्षाबंधन पर महिला कार्यकर्ताओं ने पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

स्मार्ट हलचल



जयपुर। उत्सव दीप हर्ष सेवा संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं ने रक्षाबंधन का पर्व भांकरोटा थाना क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान संस्था की महिलाओं ने थाना अधिकारियों एवं बाल विकास एवं महिला मंत्रालय से जुड़े सदस्यों के साथ मिलकर रक्षाबंधनह्व कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में संस्था की महिला सदस्यों ने थाना अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थाना अधिकारियों ने भी महिलाओं की सुरक्षा एवं क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया। संस्था की अध्यक्षा दीपिका शर्मा एवं सचिव हर्षा व्यास ने बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का पर्व है। संस्था की ओर से इस अवसर पर समाज में आपसी भाईचारे एवं महिला सुरक्षा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संस्था की सोनल शर्मा, पिंकी सोलंकी, शालू पाराशर, रिद्धि लालवानी सहित अन्य महिला

## शंभूपुरा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# हजारों शिवभक्तों ने निकाली भव्य तृतीय कावड़ यात्रा...



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।शंभूपुरा कस्बे वासियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य ऐतिहासिक तृतीय कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा शंभूपुरा में स्थित चमत्कारी सांवरिया जी शनि महाराज मंदिर से प्रारंभ हुई जो सावा चौराहा, बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन रोड स्थित बालाजी मंदिर परिसर मे पहुंची जहाँ महादेव का कावडियो द्वारा जलाभिषेक किया।

**जगह जगह हुआ कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत**

यह कावड़ यात्रा पिछली बार निकाली कावड़ यात्रा से भी भव्य और ऐतिहासिक थी जिसका पूरे मार्ग में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया, मुख्य सावा चौराहा पर राम प्रसाद जाट एवं टीम द्वारा दर्जनों जेसीबीयो से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया जिसने सभी को अभिभूत कर दिया। भक्तो एवं कावड़ियो पर 30 से भी अधिक जेसीबी से 10-10 क्विंटल गुलाब, मोगरा, गेन्दा आदि के पुष्पों से वर्षा की गई।

**महाकाल की तर्ज पर सजी झांकिया, निकली भव्य कावड़ यात्रा**

कावड़ यात्रा में महाकाल की तर्ज पर भोलेनाथ की झांकी सजाई गई जिसको भक्तों ने कंधों पर उठाकर भोलेनाथ की जयकारे लगाते चल रहे थे।

कावड़ यात्रा में भोलेनाथ की जगह जगह पूजा अर्चना की गई। भक्तों के लिए शीतल पेय, प्रसाद, अल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई। कावड़ यात्रा में शामिल भक्तगण डीजे, ढोल, नगाडो आदि की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे।

समस्त ग्रामवासियो की ओर से कावड़ यात्रा में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठूलाल जाट आदि अतिथियों का दुपट्टा, माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

**1 दर्जन से अधिक गांवों से पहुंचे शिवभक्त**

इस ऐतिहासिक और भव्य कावड़ यात्रा में शंभुपुरा सहित बामणिया, मायरा, केसरपुरा, सावा, कन्नौज, पाटनिया, फलासिया, सामरी, चिकसी, अरनियापंथ, जालमपुरा, खोर, सतखण्डा, गिलुण्ड, आदि गांवो के भक्तगण शामिल हुए। आदी शक्ति मंडत उज्जैन के विशाल सोनी व नंदनी सोनी के नेतृत्व मे महिला डमरू मंडल द्वारा झाझ, डमरू के प्रदर्शन से भक्तिमय माहौल बना दिया, इस दौरान कई सजीव झांकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। मन्दिर पहुंचने पर जलाभिषेक के बाद महाआरती हुई, जिसके बाद सभी भक्तों के लिए श्याम बगीची में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। रामप्रसाद जाट ने उपस्थित सभी भक्तों, कावडियो एवं क्षेत्र वासियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया।

## अज्ञात व्यक्ति का सहारा बनी वीर हिन्दू आर्मी, विधि-विधान से कराया अंतिम संस्कार

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** खरवा के पास लहरी गांव में पिछले कई वर्षों से रह रहे एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु के बाद पहचान नहीं होने पर वीर हिन्दू आर्मी ने मानवता की मिसाल पेश की। पुलिस प्रशासन की ओर से मृतक की पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन निर्धारित समय तक शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद संस्था के कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर मृतक के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उठाई। पुलिस प्रशासन की ओर से शव को राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया गया था। मृतक की पहचान के लिए आमजन से भी अपील की गई, लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आई। ऐसे में वीर हिन्दू आर्मी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल से शव प्राप्त किया और सम्मानपूर्वक अंतिम यात्रा निकालकर हिन्दू रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के अनुसार अंतिम संस्कार कराया। अंतिम संस्कार में वीर हिन्दू आर्मी के बंटी रल, सांवरसिंह, रूपेश लोहार, रवि लोहार, कालू लोहार, नेनू लोहार और नरेन्द्र बोहरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। संस्था के संस्थापक पंकज क्षत्रिय ने कहा कि मृतक की पहचान भले ही नहीं हो सकी, लेकिन वह भी समाज का हिस्सा और एक इंसान था। अंतिम समय में उसका कोई अपना सामने नहीं आया, इसलिए संस्था ने सामाजिक एवं मानवीय जिम्मेदारी निभाते हुए उसे सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान भले ही अज्ञात हो, लेकिन उसके अंतिम संस्कार का अधिकार और सम्मान कम नहीं होता। वीर हिन्दू आर्मी आगे भी जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहेगी। संस्था की ओर से आमजन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक



की पहचान या उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी हो तो पुलिस प्रशासन को सूचना दें, ताकि मृतक की पहचान कर उसके परिवार तक जानकारी पहुंचाई जा सके।

### न्यूज इन बॉक्स



## निकाय चुनाव में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार होगी दण्डात्मक कार्रवाई- जिला निर्वाचन अधिकारी

जयपुर(नि.सं.)। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार, 26 अगस्त 2026 से प्रारंभ किया गया। जयपुर शहर में 4 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 10 स्थानों पर आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान कार्य एवं विभिन्न प्रपत्रों के संधारण सहित निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्यूनिसिपल) एवं जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक द्वारा जयपुर शहर के प्रशिक्षण स्थलों महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशियल साइंसेज, पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, एचआरडीसी एवं आईजीपीआरएस में प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान दलों के कार्मिकों से ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में नगरीय निकाय चुनावों को संपन्न कराने के लिए किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश प्रदान किए हैं।





## गुप्त वृंदावन धाम में 'कल्चर कनेक्ट' के अंतर्गत डायरेक्टर्स एंड प्रिंसिपल्स मीट सफल

जयपुर(नि.सं.)।गुप्त वृंदावन धाम में कल्चर कनेक्ट ङ्क कनेक्टिंग विद इंडियन कल्चर एंड वैल्यूज के अंतर्गत विद्यालयों के निदेशकों एवं प्रधानाचार्यों के लिए डायरेक्टर्स एंड प्रिंसिपल्स मीट का सफल आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, भगवद्गीता, कला एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने पर सार्थक संवाद हुआ और इसकी बुकलेट रिलीज़ की गई जो जयपुर के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरण की जायेगी।

कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्निवाल 2026 एवं 18वें वार्षिक हेरिटेज फेस्ट 2026 की जानकारी साझा की गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्निवाल 2026⁻ पिछले 18 वर्षों से जारी स्टेज-बेस्ड कल्चरल प्रोग्राम्स की परंपरा के अंतर्गत 29, 30 एवं 31 अगस्त 2026, शाम 5 बजे से, वृंदावन गार्डन, गुप्त वृंदावन धाम में आयोजन होगा।



### विद्यार्थी शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का करें विकास

# कबड्डी अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक मजबूती का प्रतीक:बागडे

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दौसा जिला स्थित महवा स्थित द बोहराज ग्लोबल स्कूल में आयोजित सीबीएसई कबड्डी गर्ल्स स्टेट क्लस्टर टूर्नामेंट में शामिल हुए। उन्होंने कबड्डी खिलाड़ियों एवं रेफरी से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस करवाकर मैच का आनंद लिया। राज्यपाल ने कहा कि कबड्डी देश का पारंपरिक खेल है, जो प्राचीन समय में गुरुकुलों में भी खेला जाता था। यह खेल अनुशासन, टीम भावना, साहस और शारीरिक क्षमता का प्रतीक है। खेलों से शरीर को मजबूती एवं ऊर्जा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शारीरिक क्षमता के साथ-साथ अपनी बौद्धिक क्षमता का भी विकास करें तथा अध्ययन के माध्यम से निरंतर ज्ञान अर्जित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों को पूरे मनोयोग और एकाग्रता से सुनें तथा उनमें रुचि विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से टेक्स्ट बुक तक सीमित न रहकर साहित्य एवं अन्य उपयोगी पुस्तकों का अध्ययन करने और नियमित अभ्यास के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान किया। राज्यपाल ने शिक्षकों से कहा कि वे स्वयं भी निरंतर ज्ञान अर्जित करते रहें और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। शिक्षक ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का निर्माण करें, जिनमें शैक्षणिक ज्ञान के साथ शारीरिक क्षमता, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का भी विकास हो। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं शिक्षा और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने कालीबाई का उल्लेख करते हुए कहा कि साहस, शिक्षा और अपने शिक्षकों से मिले संस्कारों ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने बालिकाओं से भी शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बंधक बनाकर लूट की वारदात

## बंधक बनाकर लूट की वारदात करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



जयपुर। जयपुर ईस्ट पुलिस ने जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर नकदी और ज्वेलरी लूटने वाली गैंग का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को उत्तर प्रदेश-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से दबोचा है। वारदात में इस्तेमाल एक कार भी जब्त की गई है। डीसीपी ईस्ट रंजिता शर्मा ने बताया कि तकनीकी सबूतों और लगातार निगरानी के बाद लूट की वारदात में सहयोग करने और रेकी करने वाले तीन आरोपियों को बहराइच, उत्तर प्रदेश-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतवीर सिंह (28) निवासी गांव टेंडवा, बसंतापुर, थाना देहात कोतवाली, बहराइच, उत्तर प्रदेश, मनबहादुर (20) निवासी निबिया, तहसील नानपारा, थाना रुपईडीहा, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश और प्रदीप कुमार यादव (24) निवासी गांव तिगड़ा, थाना रुपईडीहा, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। गैंग के सदस्य वारदात से करीब 15 से 20 दिन पहले संभावित घर की रेकी करते थे। घरेलू काम की तलाश या अन्य बहाने से मकान में प्रवेश कर परिवार और घर की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जाती थी।



## उदयपुर-लेपर्ड ने 3 लोगों को दबोचा, एक का मुंह नोचा

**करीब 4 मिनट तक हमला; घायलों को पलंग पर लिटाकर पहाड़ी से नीचे उतारा**

उदयपुर(वि.सं.)। उदयपुर के उमरड़ा खेड़ा गांव में बुधवार (26 अगस्त) सुबह लेपर्ड ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। लेपर्ड आबादी क्षेत्र के पास घात लगाकर बैठा था। सुबह ग्रामीण घरों से बाहर निकले तो लेपर्ड उन पर झपट पड़ा। हमले में जग्गा (60) पुत्र कालू मीणा, हितेश (20) पुत्र गंगाराम और कालू (40) गंभीर घायल हुए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि लेपर्ड करीब चार मिनट तक तीनों पर हमला करता रहा। घायलों को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। मंगलवार शाम को भी इसी गांव में लेपर्ड के हमले में एक ग्रामीण घायल हो गया था।

**पूरे शरीर को नोचा, शोर मचाने पर भागा**

उमरड़ा के पूर्व सरपंच गोपाल मीणा ने बताया पिछले कुछ दिनों से गांव के आसपास लेपर्ड का मूवमेंट है।

### संपर्क 181 हेल्पलाइन का निरीक्षण

## राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग (डोरा) की आयुक्त ने किया राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन का निरीक्षण

**शिकायतों के संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

जयपुर(नि.सं.)। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग (डोरा) की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवादों की स्थिति, पोर्टल पर उनकी श्रेणीवार प्रविष्टि, शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. अरोड़ा ने शिकायतों की प्रकृति, संबंधित विभागीय स्तर तथा निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को परिवादों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की फोन पर बात कर महत्वपूर्ण मामलों में तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित की। उन्होंने इस दौरान खैरतल निवासी श्री सेवाराम की क्षेत्र में बिजली आपुर्ति से संबंधित समस्या के समाधान पर चर्चा की। इसी प्रकार अलवर जिले के श्री महेंद्र से बात कर इन्हें जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्या के समाधान के लिए मौके पर संबंधित अधिकारी से फोन पर बात कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े इस संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। राजस्थान संपर्क पोर्टल राज्य सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है और आमजन को समय पर न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।





## ट्रैक्टर रैली निकाल रहे किसानों ने तोड़े बैरिकेड्स,पुलिस से झड़प

**बकाया अनुदान राशि का पेमेंट नहीं होने से नाराज; बोले- अब आर-पार की लड़ाई होगी**

हनुमानगढ़(वि.सं.)। हनुमानगढ़ में ट्रैक्टर रैली निकाल रहे किसानों ने बुधवार को पुलिस के बैरिकेड्स तोड़ दिए। किसानों की पुलिस से झड़प भी हो गई। किसान अटल भूजल योजना के तहत निर्मित डिग्गियों की बकाया अनुदान राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं होने से नाराज थे। रैली टाउन धानमंडी से शुरू हुई थी। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इससे गुस्साए किसानों ने बैरिकेड्स धकेलकर फेंक दिए। इसके बाद ट्रैक्टर रैली जंक्शन और टाउन क्षेत्रों से होते हुए भारतमाता चौक के पास समाप्त हुई।

### ड्रग्स की सप्लाई

## 45 ग्राम स्मैक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार सिंधी कैम्प में होने वाली थी ड्रग्स की सप्लाई

जयपुर। जयपुर के सिंधी कैम्प थाना इलाके में पुलिस ने 45 ग्राम स्मैक के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कार भी बरामद की है। एनडीपीएस यूनिट द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर का तकनीकी शाखा से विश्लेषण करवाने के बाद पुलिस ने मंगलवार को यह कार्रवाई की। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कयूम लोहार निवासी



कयूम लोहार
दिनेश तंवर

मकान नंबर 43, अजंता विहार, ईदगाह, जयपुर और दिनेश तंवर (26), निवासी गांव बरखेड़ा, तहसील खिलचीपुर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ने बताया कि दोनों आरोपियों से 45 ग्राम स्मैक और एक कार जब्त की है। दोनों आरोपियों को सिंधी कैंप थाना क्षेत्र में स्मैक की डिलेवरी करनी थी। लेकिन ठीक उससे पहले सीएसटी की टीम ने आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि ये माल वो लोग कहां से लाए थे और कहां-किसको सप्लाई करना था। आरोपियों और बरामद मादक पदार्थ व कार को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए सिंधी कैम्प थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

### गणेश चतुर्थी पर्व | गणेश चतुर्थी पर्व एवं शोभायात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित

# जिला कलक्टर ने संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित करने सहित संबंधित विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

**15 सितंबर को मोती डूंगरी गणेश मंदिर से शाम 4 बजे रवाना होगी शोभायात्रा**

जयपुर(नि.सं.)। गणेश चतुर्थी पर्व 14 सितंबर एवं 15 सितंबर 2026 को प्रस्तावित श्री गणेशजी की शोभायात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को श्री गणेशजी मंदिर, मोती डूंगरी के परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर्व पर जयपुर शहर के मोतीडुंगरी गणेश मंदिर, ब्रह्मपुरी स्थित श्री



गढ़गणेश मंदिर एवं नहर के गणेश मंदिर सहित शहर के अन्य भगवान गणेशजी के मंदिरों में इस पर्व को भव्यता एवं दिव्यता से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को श्री गणेशजी की शोभायात्रा शाम 4 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना होकर मोती डूंगरी रोड, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान चौराहा एवं ब्रह्मपुरी होते हुए श्री गढ़ गणेशजी मंदिर पहुंचकर विसर्जित होगी।

उन्होंने ने शोभायात्रा के मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के एकत्रित होने को देखते हुए पुलिस एवं यातायात पुलिस को भीड़ प्रबंधन, पुलिस तैनाती, यातायात डायवर्जन एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर ने नगर निगम को सड़कों एवं मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, रंगोली, कचरा प्रबंधन, सीवरेज व्यवस्था, प्रकाश एवं सजावट, पार्किंग, पेयजल, अग्निशमन एवं चल-शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नई नौवहन व्यवस्था पर 30 से 60 दिनों में होगी बातचीत

# ईरान-ओमान समझौते से तत्काल नहीं खुलेगा स्ट्रैट ऑफ होर्मुज

## उप विदेश मंत्री गरीबाबादी ने होर्मुज पर ईरान-ओमान के बीच डील की दी जानकारी

● तेहरान

ईरान के उप विदेश मंत्री (कानूनी एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों) काजेम गरीबाबादी ने होर्मुज को लेकर ईरान और ओमान के बीच में हुए समझौते की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि इस समझौते का मतलब यह नहीं है कि होर्मुज तत्काल खोल दिया जाएगा। ईरान की समाचार एजेंसी तस्नीम ने यह जानकारी दी। गरीबाबादी के अनुसार ओमान के साथ हुए समझौते और होर्मुज को फिर से खोलना दो अलग-अलग मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 58 वर्षों से जहाज ओमान की ओर के जलक्षेत्र से गुजरते रहे हैं, जिससे ईरान को गंभीर नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि अब होर्मुज ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है और जहाजों के प्रवेश तथा निकास मार्गों में बुनियादी बदलाव किए जाने जरूरी हैं। दोनों देशों के बीच हुई डील के तहत फारस की खाड़ी में प्रवेश का मार्ग ईरानी जलक्षेत्र से होकर गुजरेगा, जबकि निकास मार्ग ओमान के क्षेत्रीय जल से होकर जाएगा। हालांकि, दोनों मार्गों पर जहाज ईरानी जलक्षेत्र से होकर गुजरेंगे।

उप विदेश मंत्री ने नए मार्ग को दोतरफा राजमार्ग जैसा बताते हुए कहा कि इसकी कुल चौड़ाई करीब सात मील होगी। उन्होंने बताया कि यह मार्ग अस्थायी है। ईरान और ओमान अगले 30 से 60 दिनों में स्थायी मार्ग तय करने के लिए वार्ता करने की उम्मीद है, जो पिछली समुद्री यातायात व्यवस्था का स्थान लेगा।



### 4 भारतीय कंपनियों, 3 भारतीयों पर अमेरिकी बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के कारोबार के साथ कथित संलिप्तता को लेकर भारत स्थित चार कंपनियों और तीन भारतीय नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। यह कार्रवाई ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए शुरू किये गये अमेरिकी अभियान ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट के तहत की गई है। यूएस विदेश विभाग ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि नई कार्रवाई ईरान की सैन्य गतिविधियों, खरीद नेटवर्क, साइबर अभियानों तथा पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल कारोबार को निशाना बनाने वाले व्यापक अभियान का हिस्सा है। अमेरिका ने जिन चार भारत स्थित कंपनियों को प्रतिबंधित किया है, उनमें पोर्टईज पार्टनर्स एलएलपी, सदाशिवा ओवरसीज लि., पीपी सॉफ्टटेक प्रा. लि. और प्रकृति इन्फ्रा इम्पेक्स इं.प्रा. लि. शामिल हैं। यूएस विदेश विभाग के अनुसार, भारत स्थित कस्टम ब्रोकर पोर्टईज पार्टनर्स ने ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कई खेप भारत में आयात कराने में मदद की। कंपनी के नामित साझेदार भारतीय नागरिक हरीश रामचंद्र रंगी और इंद्रिस्मिया अशरफमिया शेख को भी प्रतिबंध सूची में शामिल किया गया है। यूएस के अनुसार, सदाशिवा ओवरसीज ने फरवरी 2024 से जून 2025 के बीच विभिन्न कंपनियों से करीब 6.9 करोड़ डॉलर मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया।

## डीआरडीओ के स्वदेशी पैराशूट ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, आरएनएन। भारत ने अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सैनिकों की पैराशूट क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। डीआरडीओ की आगरा स्थित एडीआरडीई द्वारा डिजाइन और विकसित मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम (एमसीपीएस) का दुनिया के सबसे ऊंचे ड्रॉप जोन में शामिल न्योमा के मुध ड्रॉप जोन में सफल टेस्ट किया गया।

इस टेस्ट में एडीआरडीई के प्रशिक्षित परीक्षण जम्परों ने करीब 22,000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई। यही नहीं, इस ऊंचाई पर तापमान करीब माइनस 15 डिग्री सेल्सियस था। इतनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पैराशूट प्रणाली और उससे जुड़े सभी स्वदेशी उप-तंत्रों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया गया।

**एमसीपीएस का सफल परीक्षण हुआ**

टेस्ट में एडीआरडीई के मुख्य परीक्षण जम्पर विंग कमांडर राहुल झा, एमडब्ल्यूओ आर. जे. सिंह, वीएम (जी) और एमडब्ल्यूओ विवेक तिवारी ने 22,000 फीट की ऊंचाई से यह छलांग लगाई। डीआरडीओ के अनुसार, छलांग के दौरान एमसीपीएस को 20,000 फीट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक खोला गया। इसके बाद परीक्षण जम्परों ने नियंत्रित तरीके से नीचे उतरते हुए 13,700 फीट की ऊंचाई पर सुरक्षित लैंडिंग की।

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स की सबसे बड़ी चेतावनी

# दुनिया एआई के लिए तैयार नहीं है हमें अब तुरंत लेना होगा एक्शन

● नई दिल्ली

बिल गेट्स अब एआई को लेकर अब ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि एआई का दौर शुरू हो चुका है, लेकिन दुनिया इसके लिए तैयार नहीं है। गेट्स ने चेतावनी दी है कि आने वाले सालों में एआई सिर्फ नौकरियां ही नहीं बदलेगा, बल्कि साइबर सिक्योरिटी, क्राइम और इंसानी रिश्तों तक पर असर डाल सकता है।

गूगल, माइक्रो सॉफ्ट, ओपनएआई, मेटा और दूसरी बड़ी कंपनियां तेजी से नए एआई मॉडल लॉन्च कर रही हैं। हर नई टेक्नोलॉजी पहले से ज्यादा तेज और ताकतवर होने का दावा कर रही है। वहीं गेट्स का कहना है कि एआई से होने वाला बदलाव इतना तेज हो सकता है कि सरकारें और समाज उसे संभालने के लिए तैयार ही नहीं होंगे। आने वाला एआई बदलाव इंसानी हिस्ट्री के सबसे उथल-पुथल वाले दौर में से एक हो सकता है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया के पास इस बदलाव को संभालने का कोई साफ प्लान नहीं है।



गेट्स का अंदाज नए लेख में पहले से कहीं ज्यादा सतर्क दिखता है। एआई की सबसे बड़ी पावर यह है कि यह सिर्फ एक तरह का काम नहीं करेगा। पहले मशीनों ने फैक्ट्रियों और शारीरिक कामों को बदला था। एआई इंसानों की सोचने, सुनने, देखने, बोलने और तर्क करने वाली क्षमता को भी चुनौती दे रहा है। इसका असर सॉफ्टवेयर, कस्टमर सर्विस, कानून, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर पर पड़ सकता है। यानी खतरा सिर्फ किसी एक नौकरी या इंडस्ट्री का नहीं है। अगर एआई तेजी से बेहतर होता रहा और रोबोट भी सस्ते और ज्यादा सक्षम होते गए, कई नौकरियों पर असर पड़ सकता है।



### सबसे ज्यादा मुश्किल किसके लिए

गेट्स की चिंता खासतौर पर उन लोगों को लेकर है जिनके पास बदलाव के लिए सबसे कम समय और संसाधन हैं। उनका कहना है कि एंट्री लेवल और मिड लेवल नौकरियां ज्यादा खतरे में हो सकती हैं। एआई अगर शुरुआती स्तर के काम करने लगा, तो युवा कर्मियों के लिए करियर की शुरुआत करना भी मुश्किल हो सकता है। अब तक हर नई टेक्नोलॉजी के साथ एक लॉजिक दिया जाता रहा है कि पुरानी नौकरियां जाएंगी, लेकिन नई नौकरियां पैदा होंगी। गेट्स का लॉजिक है कि पहले बड़े तकनीकी बदलाव कई पीढ़ियों में हुए, जबकि एआई का असर एक दशक के भीतर बहुत तेजी से फैल सकता है।

**चाहते क्या हैं बिल गेट्स:** बिल गेट्स मानते हैं कि एआई के फायदे बहुत बड़े हो सकते हैं। उनका कहना है कि सवाल एआई को रोकने का नहीं, बल्कि एआई के साथ आने वाले बदलाव के लिए पहले से तैयारी करने का है। गेट्स नए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सिस्टम बनाने की बात कर रहे हैं, जो एआई के असर को संभाल सकें। इसमें नौकरियां, एजुकेशन, टैक्स, हेल्थकेयर, नेशनल सिक्योरिटी और दूसरी बड़ी चीजें शामिल हो सकती हैं। उन्होंने एआई और रोबोट से होने वाली कमाई पर टैक्स जैसे विकल्पों का भी सुझाव दिया है, ताकि ऑटोमेशन से प्रभावित लोगों की मदद, री-ट्रेनिंग और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसाधन जुटाए जा सकें।गेट्स ने एक दिलचस्प सुझाव दिया है। उन्होंने ह्यूमन रिजर्व्ड नौकरियों की बात की है।

इमरान के बेटों का आरोप- बिना खिड़की वाली कोठरी में रखा

# पूर्व पीएम इमरान खान की हालत गंभीर 85 प्रतिशत तक आंख की रोशनी गई

● नई दिल्ली

पाक के पूर्व पीएम इमरान खान की सेहत और जेल में उनकी स्थिति को लेकर उनके बेटों ने कासिम खान और सुलेमान खान ने चिंता जाहिर की है। कासिम ने दावा किया है कि इमरान (73) को लंबे समय से अकेले रखा जा रहा है। उनका कहना है कि उनके पिता को दिन के लगभग 23 घंटों तक एक छोटी, बिना खिड़की वाली कोठरी में रखा जाता है।

कासिम के मुताबिक, इमरान की एक आंख की लगभग 85 फीसदी रोशनी चली गई है। इमरान खान के बेटों का दावा है कि तीन सालों से कैद में रहने से उनके पिता की सेहत बहुत ज्यादा बिगड़ गई है। उन्होंने आशंका जताई है कि अगर उन्हें समय पर सही इलाज नहीं दिया गया तो वे अपनी सजा पूरी होने तक जीवित नहीं रह पाएंगे। कासिम का कहना है कि उनके पिता एक सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं, लेकिन अब उनका शरीर उनका साथ छोड़ रहा है। वहीं, इमरान के अंतरराष्ट्रीय वकील जेरेड गेन्सर ने जेल की स्थितियों को स्लो पॉइजन मर्डर बताया है। इमरान के दूसरे बेटे सुलेमान का कहना है कि विगत छह माह से परिवार उनसे संपर्क में नहीं है। उनके वीजा आवेदन भी आगे नहीं बढ़ पाए हैं। 10 माह से उनकी पिता से मुलाकात नहीं हुई है।



### पाक सेना की दखलंदाजी बढ़ी

सुलेमान ने पाक सेना के बढ़ते दखल का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पिता की हिरासत और उनके साथ किए जा रहे खराब व्यवहार में पूरा सिस्टम शामिल है। उन्होंने इन स्थितियों को मानवाधिकार का उल्लंघन बताया है। सुलेमान ने दावा कि यूएस कांग्रेस और यूके हाउस ऑफ लीडर्स के सदस्यों सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय हस्तियों ने भी इमरान की सेहत के मामले में चिंता जताई है। सुलेमान का आरोप है कि इस मामले में सेना का दखल ज्यादा बढ़ रहा है। इमरान के अंतरराष्ट्रीय वकील जेरेड गेन्सर ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर एक तानाशाही शासन चलाने का आरोप लगाया है।

# इस्लामाबाद के अस्पताल में लगी भीषण आग, 15 नवजात बच्चों की जलकर मौत

## एसी यूनिट में लगे ऑक्सीजन कंप्रेसर के फटने के बाद आग भड़की

● इस्लामाबाद

पाक की राजधानी इस्लामाबाद से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां पर पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट के एक वॉर्ड में लगी, जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे का सबसे दिल दहलाने वाला पहलू ये रहा कि आग जिस जगह पर लगी, वहां पर 15 नवजात बच्चे भी मौजूद थे, जिनकी आग की चपेट में आने से मौत हो गई।

पीआईएमएस राजधानी इस्लामाबाद का सबसे बड़ा और प्रमुख सरकारी अस्पताल माना जाता है। अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने डॉन अखबार को बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 नवजात बच्चे भर्ती थे। घटना के कारणों और आग से हुए कुल नुकसान की तत्काल जानकारी सामने नहीं आई है। घटना ने अस्पतालों में आग से बचाव और आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि एसी यूनिट में लगे ऑक्सीजन कंप्रेसर के फटने के बाद आग भड़की। हालांकि हादसे की असली वजह की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अस्पताल में आग लगने के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



### हादसे की जांच के लिए समिति गठित

पाक मीडिया के अनुसार आग सुबह करीब 6:45 बजे नर्सरी में लगी और यहां मौजूद नवजात बच्चों को समय रहते निकाला नहीं जा सका। हादसे की पूरी जांच के लिए जिला प्रशासन ने एक जांच समिति गठित की है। अतिरिक्त उपायुक्त को समिति का प्रमुख बनाया गया है. समिति आग लगने के कारणों के साथ-साथ यह भी जांच करेगी कि आपात स्थिति में अस्पताल और बचाव दल की प्रतिक्रिया कैसी रही।

# यूएस ने दुनियाभर में वीजा अपॉइंटमेंट पर लगाई रोक




**वॉशिंगटन, आरएनएन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन इमिग्रेशन पर अपनी सख्त कार्रवाई के तहत कॉन्सुलर अधिकारियों के लिए एक ग्लोबल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू कर रहा है। इस बीच यूएस में दुनिया भर में वीजा अपॉइंटमेंट रोक दिए है। इसका भारतीयों पर असर होगा। यूएस विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि विभाग ने दुनिया भर में सभी अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में एक ट्रेनिंग पहल शुरू की है। ट्रेनिंग के लिए वीजा अपॉइंटमेंट शेड्यूल में बदलाव किया जाएगा।

**भारतीयों पर होगा असर**

विदेश विभाग ने ट्रेनिंग के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और न ही यह बताया कि ये बदलाव कितने समय तक रहेंगे। विभाग ने कहा कि इस प्रोग्राम का मकसद कॉन्सुलर अधिकारियों को उन आवेदकों की जांच करने में मदद करना है जो भविष्य में यूएस सरकारी सुविधाओं पर निर्भर हो सकते हैं और यह सुनिश्चित करना है कि वीजा आवेदनों का मूल्यांकन व्यापक और एकसमान तरीके से हो।

# रिकॉर्ड समय में पूरी हुई भारत-यूरोपीय संघ ट्रेड डील

## राजदूत हर्वे ने साझा किए डील के अहम पहलू

● नई दिल्ली

भारत में यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने भारत और ईयू के बीच चल रहे ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह डील 20 साल पुरानी वार्ताओं का हिस्सा नहीं है, बल्कि पिछले तीन वर्षों में तैयार किया गया एक बिल्कुल नया और व्यावहारिक रूप 'एफटीए-2' है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। भारत में ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच वास्तविक और ठोस वार्ता 2024 के चुनाव के बाद, मुख्य रूप से 2025 में शुरू हुई। इस एक साल से कुछ अधिक समय में दोनों पक्षों ने अधिकांश मुद्दों को सुलझा लिया है और आने वाले एक साल से भी कम समय में इस ऐतिहासिक डील पर औपचारिक साइन होने की उम्मीद है। राजदूत के अनुसार, इस सफलता का मुख्य कारण दोनों पक्षों का यथार्थवादी और व्यावहारिक दृष्टिकोण रहा। भारत और ईयू ने शुरुआत में ही एक-दूसरे की ''रेड लाइन्स'' (सीमाओं) को पहचान लिया, जिससे उन मुद्दों पर समय और ऊर्जा नष्ट नहीं हुई जिन पर सहमति बनना कठिन था।

इसके अलावा, दोनों अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं और किसी एक सेक्टर में सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धी नहीं थीं, जिससे वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर यह डील सकारात्मक नतीजे तक पहुंच सकी।

# बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी सहित चार सदस्य लापता

● ढाका/

बांग्लादेश के चांदपुर जिले में एक हिंदू कारोबारी को अज्ञात लोगों से धमकियां मिलने की खबरों के बीच वह और उसके परिवार के चार सदस्य लापता हैं। पुलिस के हवाले से बताया गया कि ज्वेलरी शॉप चलाने वाले पिंटू दास, उनकी पत्नी, दो किशोर बेटे और उनके परिवार का एक अन्य सदस्य 20 अगस्त से लापता हैं। चांदपुर मॉडल पुलिस थाने के प्रभारी फोयेज अहमद ने कहाकि मुझे पता चला है कि पिंटू दास और उनके परिवार के चार सदस्य 20 अगस्त से लापता हैं।

अहमद के अनुसार, आरोप हैं कि कई लोगों को दास के पास गिरवी रखे अपने सोने के आभूषण वापस नहीं मिले हैं। जांच के बाद ही हम इसकी पुष्टि कर पाएंगे कि पिंटू दास और उनके परिवार के सदस्य अपनी मर्जी से कहीं छिप गए हैं या उनके साथ कुछ और हुआ है। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद की चांदपुर इकाई की नेता और दास की रिश्तेदार उपमा डे ने बताया कि दास शहर में किराए के मकान में रहते हैं तथा वह, उनकी पत्नी और दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले उनके दो बेटे लापता हैं। उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि वह कर्ज के बोझ तले दबे थे और इसी कारण उन्हें धमकियां मिली थीं।

### आज का इतिहास

- 1604: अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आदि गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतिस्थापना की गई।
- 1781: हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा।
- 1870: भारत के पहले मज़दूर संगठन के रूप में श्रमजीवी संघ की स्थापना की गई।
- 1907: क्रिकेट के महान खिलाड़ी सर डॉन जॉर्ज ब्रैडमैन का जन्म।
- 1939: जेट इंधन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी।
- 1950: टीवी की दुनिया के इतिहास में बीबीसी ने पहली बार सीधा प्रसारण किया।
- 1976: भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई।

**योजना** एलन मस्क 100 बिलियन डॉलर करेंगे निवेश, वर्ष 2029 तक पहला स्टारशिप लॉन्च होगा

# 1.25 लाख एकड़ में बनेगी विशाल रॉकेट लांच साइट

● नई दिल्ली

दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति एलन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स दुनिया का सबसे बड़ा रॉकेट लॉन्च फैसिलिटी बनाने जा रही है। ये फैसिलिटी अमेरिका के लुइसियाना में 1,25,000 एकड़ (50,585 हेक्टेयर) भूमि पर बनेगी। मंगलवार को स्पेसएक्स ने लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री और राज्य के बाकी सीनियर अफसरों के साथ गल्फ कोस्ट पर वर्मिलियन पैरिश में दुनिया के सबसे बड़ा रॉकेट लॉन्च फैसिलिटी बनाने की घोषणा की।

स्पेसएक्स ने कहा है कि मस्क 100 बिलियन डॉलर निवेश करेंगे। स्टारबेस लुइसियाना नाम की इस फैसिलिटी का काम 2027 में शुरू होगा और 2029 तक पहला स्टारशिप भी लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी ने दावा किया है कि स्टारबेस लुइसियाना से हर साल स्पेसएक्स की हजारों मिशन ऑपरेट होंगे और रॉकेट के मुख्य लॉन्च सेंटर के तौर पर काम करेगा। स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारबेस लुइसियाना एक आत्मनिर्भर स्पेसपोर्ट होगा, जहां प्रोपेलेंट बनाने, बिजली पैदा करने, गहरे पानी में शिपिंग की क्षमता, व्हीकल प्रोसेसिंग फैसिलिटी और एक एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं होंगी। स्पेसएक्स इस प्रोजेक्ट पर कम से कम 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी और 3,000 से ज्यादा नई नौकरियां पैदा करेगी।



### हर साल 23 फीट तक कट रहा है वर्मिलियन पैरिश का समुद्र तट

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स आस-पास के इलाकों से बड़े पैमाने पर लोगों को काम पर रखेगी और लुइसियाना के वर्करों के खास माहौल में मुश्किल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के बड़े अनुभव का इस्तेमाल करेगी। प्रोजेक्ट के हिस्से के तौर पर, स्पेसएक्स ने कहा कि वो वर्मिलियन पैरिश के समुद्र तट को फिर से ठीक करेगी। कंपनी के मुताबिक, ये तट हर साल 23 फीट तक कट रहा है और इसे ठीक करने के लिए वो राज्य और फेडरल एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगी।

### कंपनी का चौथा व सबसे बड़ा लॉन्च साइट होगा स्टारबेस लुइसियाना

बताते चलें कि स्पेसएक्स बीते कई सालों से फ्लोरिडा के केप कैनावेरल, कैलिफोर्निया में स्पेस फोर्स बेस और टेक्सास के स्टारबेस से अपने रॉकेट लॉन्च करती रही है। स्टारबेस कंपनी की स्टारशिप टेस्ट-लॉन्च ऑपरेशन्स की साइट रही है। स्टारबेस लुइसियाना, कंपनी का चौथा और सबसे बड़ा लॉन्च साइट होगा।

# तेलंगाना के तीन छात्रों की फ्लोरिडा में हादसे में मौत

## पार्ट टाइम काम करने के लिए जा रहे थे

● वाशिंगटन

अमेरिका के फ्लोरिडा में हुए एक सड़क हादसे में तेलंगाना के तीन छात्रों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार 25 अगस्त को ब्रेवार्ड काउंटी में हुआ। यह दुर्घटना पाल्म बे के पास इंटरस्टेट 95 हाईवे पर हुई। छात्रों की कार हाईवे से अचानक बाहर चली गई। इसके बाद कार एक पेड़ से टकरा गई।

टक्कर के बाद गाड़ी में आग लग गई। तीनों छात्र पार्ट टाइम काम के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में तेलंगाना के निजामाबाद जिले के नाविपेट निवासी एन राहुल की पहचान हुई है। राहुल करीब 3 महीने पूर्व ही हायर एजुकेशन के लिए अमेरिका गए थे। जानकारी के मुताबिक कार चला रहे छात्र और आगे बैठे यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। राहुल गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाकी दो मृतकों की पहचान को खुलासा नहीं हुआ है।

राहुल के परिवार को हादसे की जानकारी बुधवार सुबह मिली। परिवार का कहना है कि राहुल ने हादसे से कुछ समय पहले अपनी मां से फोन पर बात की थी। इसके बाद उनके दोस्त उन्हें पार्ट टाइम काम के लिए लेने पहुंचे थे। राहुल के परिवार ने तेलंगाना और केंद्र से मदद की अपील की है, राहुल के पार्थिव शरीर को जल्द भारत लाया जाए।

